मैं स्कूल में शिक्षिका हूं और मेघालय के वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले के मुलीह गांव में रहती हूं। चूंकि मेरे परिवार के पास खेती की कुछ जमीन है और मुझे अतिरिक्त आय की जरूरत थी, इसलिए करीब पंद्रह साल पहले मैंने हल्दी की खेती शुरू की। लेकिन हल्दी का उत्पादन बहुत कम होने से मुझे निराशा हुई। चूंकि मैं सिर्फ खेती पर निर्भर नहीं थी, इसलिए मैंने हल्दी से संबंधित जानकारियां जुटानी शुरू की। मुझे यह जानकर बहुत आश्चर्य हुआ कि जो हल्दी मैं उगा रही थी, वह लेचैन श्रेणी की थी, जिसमें कैंसर प्रतिरोधक करक्युमिन होता है। मैंने इस संबंध में और खोजबीन की, तो यह जानकर और हैरान हुई कि हल्दी की जिस लैकाडोंग श्रेणी में करक्युमिन सर्वाधिक पाया जाता है, पहले हमारे यहां उसी की खेती होती थी। लेकिन उपज कम होने के कारण हमारे इलाके के किसान उसकी खेती छोड़ कोयला खदान में काम करने लग गए थे। 2014 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यनल ने जब हमारे यहां कोयला खनन पर रोक लगा दी, तब किसान दोबारा हल्दी की खेती करने लगे। पर अज्ञानतावश वे लेकाडोंग की जगह लेचैन हल्दी की खेती कर रहे थे, जिसमें कैंसर प्रतिरोधक शक्ति तुलनात्मक रूप से कम होती है। मैंने सोच लिया कि मैं लेकाडोंग हल्दी की ही खेती करूंगी। लेकिन इससे संबंधित विशेष जानकारी हासिल करने के लिए सबसे पहले मैंने राज्य के कृषि एवं बागवानी विभाग से प्रशिक्षण लिया। मसाला बोर्ड से भी मैंने संपर्क किया और उसे अपने लक्ष्य के बारे में बताया। मुझे एक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेट मिला। उसके बाद मेरे लिए अधिक उत्पादकता वाले लेकाडोंग हल्दी की खेती करने का रास्ता खुल गया। चूंकि इस हल्दी की मांग बहुत अधिक है, ऐसे में, मेरी आय भी बढ़ने लगी। अब गांव की महिलाओं की आंखें खुलीं। एक समय था, जब इन्हीं महिलाओं ने मुझे सलाह दी कि नौकरी में होने के कारण मुझे खेती का झंझट नहीं पालना चाहिए। और अब वे ही मेरी तरह अधिक उत्पादकता वाली लेकाडोंग हल्दी की खेती करने के लिए मेरा मार्गदर्शन चाहती थीं। मैंने आसपास की तमाम महिलाओं को कृषि एवं बागवानी विभाग तथा मसाला बोर्ड से जोड़ा। अब हमारे इलाके में लेकाडोंग हल्दी की खेती बड़े पैमाने पर शुरू हो गई। लेकिन कीड़े-मकोड़े के कारण खेती में चुनौती बढ़ गई, तो इस बहुमूल्य फसल को बचाने की योजनाएं शुरू हुईं। चूंकि हमारा लक्ष्य जैविक खेती था, इसलिए हमने कुछ जानकारों की सलाह से गोबर, गोमूत्र और वर्मी कंपोस्ट का इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। इसका सचमुच बहुत लाभ मिला। लेकिन इसका बीज बहुत महंगा होने के कारण बहुतेरे किसानों के लिए अब दूसरी मुश्किल खड़ी हो गई। मैंने साथी किसानों के साथ कृषि व बागवानी विभाग के कई चक्कर काटे, तो वहां के अधिकारी हमें कुछ राहत देने के लिए तैयार हुए। हमारा लक्ष्य देखकर दो सरकारी विभागों ने पिछले साल लेकाडोंग हल्दी के बीज हमें मुफ्त में देने का फैसला किया। यह हम सबके लिए एक बड़ी राहत थी। आज मेरे गांव और आसपास के नौ सौ किसान इस हल्दी की खेती कर रहे हैं। इसलिए हल्दी की पैकेजिंग की भी व्यवस्था शुरू हुई। इस काम में भी आसपास की अनेक महिलाओं को रोजगार मिला है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने हमारे काम का संज्ञान लिया है और कहा है कि मेघालय में लेकाडोंग हल्दी की खेती के लिए बहुत आदर्श स्थिति है। अतिरिक्त आय के लिए कभी मैंने जो काम शुरू किया था, आज उसने इलाके के सैकड़ों लोगों की जिंदगी बदल दी है।

लेकाडोंग हल्दी की मांग अधिक है, जिससे मेरी आय बढ़ने लगी। अब गांव की महिलाओं की भी आंखें खुलीं।

-विभिन्न साक्षात्कारों पर आधारित।

निर्णय लेने की हिम्मत

दूसरी बार मोदी सरकार बनने की संभावनाएं क्यों बढ़ गई हैं? इसका कारण है मोदी का बालाकोट में हवाई हमले करवाना। राहुल ने इसका श्रेय सिर्फ वायुसेना को देने की कोशिश की, पर जनता समझ चुकी है कि असली हिम्मत निर्णय लेने वाला दिखाता है।

इन दिनों मैं जहां भी जाती हूं, लोग मुझसे एक ही सवाल करते हैं। नरेंद्र मोदी फिर से चुनाव जीतेंगे क्या? जवाब देने के बदले जब मैं यही सवाल उनसे पूछती हूं, तब अक्सर उत्तर होता है, 'मोदी जरूर जीतेंगे।' जवाब देनेवाला चाहे कोई छोटा कारोबारी हो या बड़ा उद्योगपति या दिल्ली, मुंबई में कोई मामूली मुलाजिम। यही सवाल कुछ महीने पहले पूछा जाता, तो ज्यादातर जवाब होता था कि नरेंद्र मोदी का दोबारा प्रधानमंत्री बनना कठिन है, क्योंकि 2014 में जिस किस्म का परिवर्तन और विकास लाने का वायदा उन्होंने किया था, उसे वह पूरा नहीं कर पाए हैं।

प्रियंका गांधी ने सक्रिय राजनीति में आने के बाद पिछले सप्ताह अपने पहले भाषण में मोदी के टूटे वायदों की याद यह कहते हुए दिलाई, कहां हैं वे पंद्रह लाख रुपये, जो आपके बैंक खातों में डालने का वायदा था? कहां हैं वे दो करोड़ नए रोजगार, जिनका वायदा था? उनके बड़े भैया राहुल गांधी भी अपने हर भाषण में खास आक्रमक अंदाज में यही बातें करते आए हैं। ऊपर से वह यह कहना भी नहीं भूलते कि 'चौकीदार चोर है।'

दूसरी बार मोदी सरकार बनने की संभावनाएं अब क्यों बढ़ गई हैं? कारण एक ही है। वह है मोदी का पाकिस्तान के अंदर लड़ाकू विमान भेजकर हवाई हमले करवाना। राहुल गांधी ने इस हमले का श्रेय केवल वायुसेना को देने का बहुत प्रयत्न किया, लेकिन देश की जनता समझ चुकी है कि असली हिम्मत निर्णय लेने वाला दिखाता है। बदला लेने का निर्णय लेकर मोदी ने साबित कर दिया है कि वह कायर नहीं हैं। मुंबई में इस बात का असर अधिक दिखता है, क्योंकि आज भी इस महानगर के नागरिक भूले नहीं हैं कि 26/11 के बाद हमारी सरकार ने दुनिया के दरबारों में मिन्नतें करने के अलावा कुछ नहीं किया था। मुंबई के लोग भूले नहीं हैं कि बदला लेना तो बहुत दूर की बात, उनको बचाने के लिए भी दिल्ली से कमांडो इतनी देर से पहुंचे कि इस शहर में अड़तालीस घंटे से ज्यादा समय तक दहशत का माहौल बना रहा। 'उस समय अगर नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री होते, तो ऐसा न होता,' मुंबई वाले कहते हैं।



तवलीन सिंह

मोदी उनकी नजरों में हीरो हैं, क्योंकि उन्होंने संकट के समय ऐसा निर्णय लेने की हिम्मत दिखाई, जो अभी तक किसी प्रधानमंत्री ने नहीं दिखाई है। अटल बिहारी वाजपेयी के दौर में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के दो बड़े मामले सामने आए थे। एक जब मौलाना मसूद अजहर और कुछ अन्य आतंकवादियों की भारत की जेलों से रिहाई के लिए आईसी, 814 को हाइजैक करके कंधार ले जाया गया था, और दूसरे, जब जैश-ए-मोहम्मद ने हमारी संसद को निशाना बनाने की कोशिश की थी। सोनिया-मनमोहन सिंह के दौर में 26/11 के अलावा और भी कई आतंकी हमले हुए थे, जिनमें पाकिस्तान का हाथ साफ-साफ दिखता था। पर दस साल तक भारत ने इस डर के मारे कुछ नहीं किया कि पाकिस्तान के साथ अगर युद्ध छिड़ जाता है, तो उसमें परमाणु हथियारों का इस्तेमाल हो सकता है।

पुलवामा हमले के बाद मोदी को भी इस भय ने सताया होगा। उन्हें भी सलाहकारों ने कहा होगा कि पाकिस्तान के अंदर जाकर हमला करना खतरनाक है। उन्हें भी बार-बार याद दिलाया गया होगा कि पाकिस्तान के पास परमाणु हथियार हैं, जिन्हें युद्ध में इस्तेमाल करने की धमकी पाकिस्तान की सेना कई बार दे चुकी है। इन सबके बावजूद नरेंद्र मोदी ने अगर पुलवामा का बदला लेने की हिम्मत दिखाई है, तो यह कोई छोटी बात नहीं है। सो फिलहाल वह देश के सबसे बड़े हीरो हैं।

हरियाली और रास्ता

जोशी जी, बुजुर्ग और सेब

ऐसे व्यक्ति की कहानी, जिसे भटकने के बाद यथार्थ का एहसास हुआ।

जोशी जी के घर लौटने का वक्त हो रहा था। निकलते-निकलते उनको याद आया कि सुबह पत्नी ने एक किलो सेब लाने को कहा था। उन्हें सड़क पार एक बुजुर्ग सेब बेचते हुए दिखा। जोशी जी ठेले के पास पहुंचे, तो देखा, सेब ताजा थे। जोशी जी ने सेब के भाव पूछे, तो वह बुजुर्ग बोला, साठ रुपये किलो। जोशी जी बोले, मैं तो दो दिन पहले ही पचास रुपये किलो ले गया हूं। इस भाव में देना हो, तो मैं एक किलो ले लूंगा। वह बुजुर्ग बोला, साहब मैं साठ रुपये से कम नहीं कर सकता। जोशी जी मॉल की तरफ चल दिए। पर वहां तो सेब का भाव अस्सी रुपये किलो था। वह बड़े हैरान हुए। उन्होंने कैशियर के पास जाकर कहा, मैं यहां से पचास रुपये में सेब ले जाता हूं। आज एकदम से दाम अस्सी रुपये कैसे हो गए? कैशियर बोला, सर, इन दिनों माल नहीं आ रहा, इसलिए यही भाव है। जोशी जी बोले, रोज के ग्राहक को कुछ तो डिस्काउंट दीजिए। कैशियर बोला, सॉरी सर, हमारे दाम एक ही रहते हैं। हारकर जोशी जी फिर उसी बुजुर्ग के पास पहुंच गए। उन्हें देखकर बुजुर्ग बोला, माफ कीजिएगा, मैं साठ से कम में आपको सेब नहीं दे पाऊंगा। जोशी जी बोले, दे दो भाई, चाहे तो पैंसठ ले लो। वह बुजुर्ग बोला, नहीं साहब, मैं इसके भाव साठ रुपये ही लूंगा, उससे ज्यादा नहीं। मेरे बेटे की फलों की दुकान हुआ करती थी। एक दिन दुर्घटना में वह घायल हुआ, लेकिन मैं उसे नहीं बचा पाया। इलाज के खर्चे में दुकान भी बिक गई। तब से मुझे परिवार चलाने के लिए मजबूरी में सेब की रेहड़ी लगानी पड़ती है। जोशी जो सोचने लगे, यह कैसी विडंबना है! मॉल में जाकर हमें महंगा सामान भी लेना पड़े, तो परेशानी नहीं होती। लेकिन गरीब ठेले वाले से हम तोल-मोल करते हैं। उन्होंने सोच लिया, अब मैं इसी आदमी से फल लिया करूंगा।

कुछ भी करने से पहले यह सोच लेना चाहिए कि क्या वह न्यायसंगत है।

खुली खिड़की

मांस उपभोग में अमेरिका अव्वल

हमारे देश में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष जहां मात्र चार किलोग्राम मांस का उपभोग होता है, वहीं अमेरिका में यह आंकड़ा 120 किलोग्राम है।



स्रोत-Food and Agriculture Organization (FAO)

बुरा न देखो, न सुनो

अरब देश में एक उच्च कोटि के फकीर रहते थे। लोग उन्हें हातिम फकीर कहते थे। चूंकि वह हर बात पर तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करते थे, इसलिए उनके पास आने वाले श्रद्धालुओं को लगता था कि फकीर सुन नहीं सकते।

एक दिन कुछ लोग हातिम के दर्शन करने के लिए पहुंचे। वे बैठे ही थे कि सामने की दीवार पर एक मक्खी मकड़ी के जाल में फंस गई और छुटकारा पाने के लिए भिनभिनाने लगी। एकाएक हातिम के मुंह से निकला, ऐ लोभ की मारी, अब क्यों भिनभिना रही है? तू शक्कर, शहद और कंद के लोभ में घूमती-घूमती मकड़ी द्वारा फैलाए जाल में फंस चुकी है, तो अब भुगत उस लोभ का परिणाम। सामने बैठे लोग हैरान थे कि हातिम सुन नहीं सकते, तो उन्होंने मक्खी की भिनभिनाहट कैसे सुन ली। एक व्यक्ति ने पूछा, तो फकीर हातिम ने कहा, मैं अपने कानों में बुराई या बड़ाई के शब्द नहीं आने देना चाहता। लोग समझते हैं कि मैं सुन नहीं सकता। इसका लाभ यह है कि वे मुझसे बेकार की बातें नहीं करते। इस तरह मैं बुरे शब्द सुनने से बचा रहता हूं। ऐसे ही यदि कोई मेरे दोषों के बारे में आपस में चर्चा करता है, तो मैं उन्हें चुपचाप दूर करने का प्रयत्न करता हूं। सभी धर्मग्रंथों में किसी की निंदा करने या सुनने तथा दोष दर्शन को वाणी, नेत्रों और कानों का पाप कहा गया है। यदि दोष ढूंढना ही हो, तो अपना दोष तलाश कर उसे दूर करने का प्रयास करना चाहिए।

सत्संग

-संकलित

बिज़नेस स्टैंडर्ड
वर्ष 12 अंक 26

निर्यात की चिंता

केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार इस समय देश का व्यापार घाटा पिछले एक वर्ष की अवधि में सबसे निचले स्तर पर है।

देश के आयात और निर्यात के बीच का अंतर फरवरी 2019 में 9.6 अरब डॉलर हो गया। जबकि जनवरी 2019 में यह 14.7 अरब डॉलर था।

बहरहाल, इन आंकड़ों के बावजूद इसे इस तरह नहीं देखा जाना चाहिए कि हमारे बाह्य खाते में स्थिरता आ रही है। तथ्य यह है कि आंकड़ों के मुताबिक इस क्षेत्र में देश की ढांचागत समस्या बरकरार है और वृहद आर्थिक स्थिरता को हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

खासतौर पर कमजोर निर्यात वृद्धि बताती है कि अगर मांग में सुधार होता है तो आयात के भुगतान का संघर्ष जारी रहेगा।

फरवरी 2019 में सालाना आधार पर निर्यात केवल 2.4 फीसदी बढ़ा। यह जनवरी में दर्ज 3.7 फीसदी के स्तर से कम है। अभियांत्रिकी और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में नकारात्मक वृद्धि की दर धीमी रही। उदाहरण के लिए रत्न एवं आभूषण निर्यात में 2 फीसदी की कमी आई। यह स्पष्ट है कि इस वित्त वर्ष के पहले निर्यात वृद्धि को लेकर जो भी अनुमान लगाया गया था वह गलत साबित हुआ।

यह सही है कि अमेरिकी प्रशासन द्वारा कतिपय भारतीय वस्तुओं को किए जाने वाले निर्यात की प्राथमिकता को वापस लिए जाने के बाद निर्यात क्षेत्र के लिए वापसी करना और भी मुश्किल होगा। यह बात देश के अभियांत्रिकी निर्यात के लिए खासतौर पर सही है क्योंकि उसे शून्य टैरिफ वाले देशों से तगड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना होगा।

बीते कुछ वर्ष के दौरान अनुमतियों और कारोबारी सुगमता के मोर्चे पर कुछ सुधार देखने को मिला है लेकिन यह इतना नहीं है कि प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित कर सके। ऐसे में अल्प या मध्यम अवधि में इन क्षेत्रों में निर्यात में अचानक तेज वृद्धि का अनुमान लगाना कतई सही नहीं होगा।

भारतीय निर्यातक महासंघ ने भी निर्यात क्षेत्र के कमजोर प्रदर्शन के लिए वैश्विक हालात को उत्तरदायी ठहराया हे। परंतु यह दावा जांच परख में खरा नहीं उतरा। उदाहरण के लिए डायचे बैंक के मुताबिक साप्ताहिक हार्पेक्स शिपिंग इंडेक्स इसके विपरीत बातें बताता है। उसका कहना है कि जनवरी में वैश्विक व्यापार में सुधार आना शुरू हो गया।

व्यापार घाटे में कमी आने की वजह निर्यात क्षेत्र का सुधरा हुआ प्रदर्शन नहीं है बल्कि यह आयात में गिरावट की वजह से हुआ है। इसके लिए तेल आयात के बिल में आई गिरावट को प्रमुख वजह माना जा सकता है। जैसा कि हमने अतीत में भी देखा है, बाह्य खाते को स्थिर बनाने के लिए ऐसी गिरावट को जिम्मेदार नहीं माना जा सकता है। बल्कि हकीकत इसके उलट है। सोने के आयात में कमी आई है और इससे कई पर्यवेक्षक चकित हैं। परंतु गैर तेल- गैर स्वर्ण आयात में एक बार फिर गिरावट आई है। जनवरी में 0.8 फीसदी की गिरावट के बाद वह फरवरी में 3.7 फीसदी गिर गया। यह बहुत परेशान करने वाला रुझान है। देश में कमजोर औद्योगिक मांग इसका उदाहरण है।

आर्थिक वृद्धि के मोर्चे पर समग्र आंकड़ों से सामंजस्य बनाना भी आसान नहीं है। अगर देश का सकल घरेलू उत्पाद उच्चतम स्तर पर है तो यह समझना मुश्किल है कि आयात मांग में गिरावट क्यों आ रही है। वहीं रिकॉर्ड आर्थिक वृद्धि के दौर में निर्यात वृद्धि में कमजोरी को समझ पाना भी मुश्किल है। ये तमाम बातें उन चिंताओं को भी रेखांकित करती हैं जो हमारे समय के अर्थशास्त्री लगातार उठा रहे हैं।

विनय सिन्हा

मोदी की विदेश नीति की पांच गलतियां

भारत पांच वर्ष पहले की तुलना में चीन से कमतर नजर आ रहा है।



राष्ट्र की बात

शेखर गुप्ता

कौन सी भावना अधिक तीव्र है, भय या प्रीति? इस सवाल का जवाब तो कोई मनोविज्ञानी ही दे सकता है। एक स्तंभकार तो केवल तथ्य जुटा सकता है, जांच परखकर उन्हें कल्पना और मिथ्या प्रचार से अलग कर सकता है और एक महत्त्वपूर्ण बहस को जन्म दे सकता है। ट्रोलिंग (किसी के पीछे पड़ना और परेशान करना) को हम प्रगति का सूचक मानते हैं।

पिछले दिनों चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर को वैश्विक आतंकी घोषित किए जाने के प्रस्ताव को रोककर भारत को बड़ा झटका दिया। चीन ने न केवल चौथी बार ऐसे प्रस्ताव को अवरुद्ध किया बल्कि चीन के सरकारी या पार्टी नियंत्रित मीडिया में आई टिप्पणियों में भारत को लेकर तमाम तरह की चेतावनी भी दी गईं। इनमें सबसे रूखी टिप्पणी वहां के सत्ताधारी दल के स्वामित्व वाले समाचार पत्र ग्लोबल टाइम्स में आई। पत्र ने भारतीय जनता पार्टी के क्रुद्ध कार्यकर्ताओं की तस्वीर के साथ नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि वह इन परिस्थितियों का इस्तेमाल चुनावी लाभ के लिए कर रहे हैं। अखबार ने लिखा कि चीन भारत का मित्र है, उसके राष्ट्रवाद का बंधक नहीं। चीन ने गत वर्ष वुहान में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई वार्ता को लगभग पुनर्परिभाषित किया है, मानो वह कह रहा है कि अगर भारतीय चुनावों के वक्त उसके सैनिक भारतीय क्षेत्र में नहीं आए हैं तो उसने अपना वादा निभाया है। बाकी मामलों में पुराना नियम लागू होगा।

चीन के इस दंभ के खिलाफ भारतीय प्रतिक्रिया की बात करें तो इस तरह की घेराबंदी के बाद भी भारत ने चीन का नाम तक लेने का साहस नहीं किया और उसने 'एक देश' को लेकर अपनी 'निराशा' जाहिर की। अमेरिका ने बिना कोई हिचकिचाहट दिखाए चीन का नाम लिया और उसका वक्तव्य भारत की तुलना में कहीं अधिक कड़ा है।

मोदी सरकार की मजबूती में कोई कमी नहीं आई है लेकिन अब वह अपनी दबंगई का प्रयोग चुनिंदा ढंग से कर रही है। हालांकि इसमें भी विवेक का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। आम चुनाव से दो महीने पहले मार्च 2019 में मोदी का भारत, शत्रुतापूर्ण व्यवहार कर रहे चीन का प्रतिकार करने में घबराया हुआ नजर आ रहा है, जबकि अपेक्षाकृत मित्रवत रहे अमेरिका के साथ एक स्वदेशी कारोबारी युद्ध छेड़ दिया गया है। जो हमें नुकसान पहुंचाते हैं और हमें अपमानित करते हैं उनके समक्ष घुटने टेक देते हैं और हमारे लिए आवाज उठाते हैं, उनसे हम लड़ते भी हैं क्योंकि हम उनसे प्यार करते हैं।

आइए बात करते हैं मोदी के विदेश नीति सिद्धांत की पांच गलतियों के बारे में:

1- हम यह समझ पाने में नाकाम रहे हैं कि रणनीतिक गठजोड़ करने के लिए बड़ा दिल होना आवश्यक है: अमेरिका हमारा प्रमुख रणनीतिक सहयोगी रहा है लेकिन ट्रंप समेत अमेरिका के शीर्ष प्रशासन में भारत को लेकर एक किस्म की ऊब पैदा हो चुकी है। ट्रंप को एक ढीठ बच्चा मानकर खारिज किया जा सकता है लेकिन क्या हमारी स्थिति ऐसा करने की है? आप इस बात पर हंस सकते हैं कि वह हार्ली डेविडसन बाइक पर भारतीय शुल्क को लेकर किस तरह चिंतित थे लेकिन वह भी हमारे स्वदेशी अर्थशास्त्र को अगंभीर करार दे सकते हैं। आयातित औषधियों और चिकित्सा उपकरणों की कीमतें घटाना एक अच्छा नैतिक और राजनीतिक कदम है। परंतु इसका क्रियान्वयन अचानक मूल्य नियंत्रण और आयात पर प्रतिबंध के साथ नहीं किया जाना चाहिए। भारत द्वारा एमेजॉन और वॉलमार्ट के खिलाफ जंग छेड़ने पर अमेरिका हैरत में होगा क्योंकि भारत खुद अपने ई-कॉमर्स और डिजिटल फाइनैंस क्षेत्र में चीनी निवेश का स्वागत कर रहा है।

पुलवामा की घटना के बाद अमेरिका ने जिस तरह भारत का साथ दिया वह उल्लेखनीय है क्योंकि मोदी और ट्रंप के आपसी रिश्तों और समझ में तनाव देखा गया है। नवंबर 2017 के बाद से दोनों के बीच कोई द्विपक्षीय बातचीत नहीं हुई है और नवंबर 2018 में ब्यूनस आयरस में जी-20 शिखर बैठक में ऐसी वार्ता का प्रयास नाकाम रहा। ट्रंप ऐसे व्यक्ति हैं कि अगर उनकी निजी नाराजगी दूर नहीं की गई तो वह तस्वीर खिंचवाने जैसी बातों में समय नहीं गंवाते। भारत अगर व्यापारिक मोर्चे पर थोड़ी रियायत दे तो इससे उसे नुकसान नहीं होगा।

ट्रंप अफगानिस्तान में सेना नहीं मांग रहे। वह रूस की एस-400 राइफल न खरीदने और ईरान में चाबहार बंदरगाह बंद करने को भी नहीं कह रहे। उनकी मांग केवल इतनी है कि कुछ शुल्क दरों में रियायत दी जाए। समझदार नेता अपनी लड़ाइयां सावधानी से चुनते हैं। खासतौर पर मित्रों के साथ अपनी लड़ाइयां।

2- बड़ी और अहंकारी ताकतों के एकतरफा तुष्टीकरण का गलत आकलन: भारत ने अमेरिका के साथ कारोबारी मोर्चे पर झगड़ा मोल लिया जबकि उसके साथ हमारा व्यापार अधिशेष 6,000 करोड़ डॉलर का है। जबकि चीन के साथ इतनी ही राशि का घाटा होने के बावजूद उसे अबाध पहुंच दी जा रही है। चीनी वस्तुओं और निवेश के लिए बाजार शायद इसलिए खोला गया ताकि भारत के प्रति उसका रुख नरम रहे।

ऐसा कुछ नहीं हुआ। दो वर्ष पहले चीन डोकलाम में घुसा। अब संदेश कुछ ऐसा है कि अगर चुनावी वक्त में हम डोकलाम या चुमर में नहीं घुस रहे तो हमारा शुक्रिया कहिए। वह भी एक चीनी फोन, नेटवर्क या ऑपरेटिंग सिस्टम पर। अमेरिका से हम छूट चाहते हैं जबकि चीन को रियायत दे रहे हैं।

3- व्यक्ति केंद्रित विदेश नीति से लगाव- मोदी का अपना कद और करिश्मा है। परंतु यह पेशेवर कूटनीति का स्थान नहीं ले सकता। हमें आंतरिक बहस और चर्चा के जरिये नीतियों में सुधार करने की आवश्यकता है।

हो सकता है सऊदी शहजादे को गले लगना पसंद आता हो और वह तुरत-फुरत निर्णय लेते हों लेकिन शी चिनफिंग इससे नाखुश हो सकते हैं या इसे चापलूसी समझ सकते हैं। इसके अलावा तंग श्याओफिंग के बाद ऐसे ताकतवर चीनी नेता होने के बावजूद हो सकता है उन्हें वह व्यक्तिगत शक्ति न हासिल हो जो मोहम्मद बिन सुलेमान को रियाद में या मोदी को नई दिल्ली में हासिल है। शी चिनफिंग एक संगठित और सक्षम तंत्र के साथ काम करते हैं जो मोदी की कैबिनेट से अधिक प्रभावी ढंग से काम करता है। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि शी चिनफिंग के साथ मोदी ने जो लुभावना तरीका अपनाया, जो झियान, वुहान और अन्य जगहों पर लगातार जारी रहा, वह नकारात्मक साबित हो चुका है। गणतंत्र दिवस पर ट्रंप को आमंत्रित करना और नवाज शरीफ से करीबी बढ़ाने के बाद हासिल नाकामी दोनों बताते हैं कि यह सब बिना तैयारी के किया गया।

4- अनुमान की कीमत: राजनीति, कूटनीति, युद्ध, खेल और जुआ, ऐसे क्षेत्र हैं जहां आपकी आगामी चाल का अंदाजा नहीं लगना चाहिए। मोदी इस मोर्चे पर नाकाम रहे। विदेशी नेता उनकी शैली से वाकिफ हैं। उन्हें पता है वे प्रचार, तस्वीरों और तारीफ में रुचि रखते हैं। ये नेता जानते हैं कि मतदाताओं को प्रसन्न करने के लिए मोदी को इनकी जरूरत है। चीनी अब तक यह समझ चुके हैं कि मोदी चुनाव के पहले सीमा पर कोई घुसपैठ पसंद नहीं करेंगे। वे यह भी जान चुके हैं कि मोदी पाकिस्तान के साथ छोटी झड़प पसंद करेंगे ताकि तुरंत अपनी जीत की घोषणा कर सकें। चीन के साथ यह असंभव है। चीन ने अंदाजा लगा लिया है कि मोदी कब क्या प्रतिक्रिया देंगे।

पाकिस्तान ने भी कुछ चीजें समझ ली होंगी। उन्हें पता है कि मोदी अब बड़े आतंकी हमलों पर तुरंत प्रतिक्रिया देंगे। अब पाकिस्तान मनचाहा संकट उत्पन्न कर सकता है। बड़े नेता खुद को मोहरा नहीं बनने देता।

5- विदेश नीति और घरेलू नीतियों को मिलाना: मोदी ने अक्सर अपनी विदेश नीति की पहल और शिखर बैठकों का इस्तेमाल घरेलू छवि निर्माण के लिए किया है। सबसे पहले चीन ने इसका फायदा उठाया। उसे पता था कि भारत चुनावी मौसम में घुसपैठ नहीं चाहेगा और उन्होंने इस बारे में अपनी शर्तों पर आश्वस्त किया। व्यापार में चीन का दबदबा बढ़ा है। अरुणाचल प्रदेश और पाकिस्तान को लेकर उनका नजरिया कड़ा है और भारत मसूद अजहर के मामले में केवल प्रतिरोध कर पाया वह भी बिना नाम लिए। वुहान के बाद से भारत ने परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह की सदस्यता की मांग नही उठाई। अब अगर भारत मसूद अजहर पर प्रतिबंध चाहता है तो इससे दो बातें होती हैं: एक तो भारत चीन के समक्ष अपनी द्विपक्षीय हैसियत कमजोर करता है और दूसरा वह उसे यह अवसर देता है कि वह भारत के साथ अपनी नीति को पाकिस्तान से जोड़ सके। यानी भारत-चीन और पाकिस्तान का एक त्रिकोण, यही तो चीन चाहता था।

हमने मोदी सरकार के पांच साल के कार्यकाल का बहीखाता पेश नहीं किया है। हमने केवल वे बातें दर्ज की हैं जो हमारी दृष्टि में उसकी सबसे बड़ी गलतियां हैं।

जांच में फर्जी तरीका अपनाने वाले अधिकारियों पर हो सख्ती

बाअदब

सोमशेखर सुंदरेशन

यह असली 'न्यू इंडिया' का एक अनूठा रूप है। न्यायपालिका की सर्वोच्च अदालत ने हाल ही में हत्या के आरोप में दोषी ठहराए जा चुके छह घुमंतू कबायलियों को जेल से रिहा करने का असाधारण निर्णय सुनाया। उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में पेश साक्ष्यों की गहन पड़ताल के बाद इन अभियुक्तों को छोड़ने का निर्णय देकर उन्हें मौत के चंगुल में जाने से बचा लिया। उसने जेल में 16 साल तक कैद रहे हरेक व्यक्ति को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी निर्देश दिया। इस मामले में गलत जांच करने वाले अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने के लिए एक जांच का भी आदेश जारी किया गया है।

यह मामला न केवल हमारी आपराधिक न्यायिक व्यवस्था में अंतर्निहित मुद्दों को उजागर करता है बल्कि यह भी दिखाता है कि हमारी आपराधिक न्याय व्यवस्था मृत्युदंड की सजा को लेकर किस कदर कमजोर है। यह मामला दीवानी प्रक्रिया को लेकर भी काफी कीमती सबक सिखाता है। आखिर दीवानी मामलों के भी फैसले किसी व्यक्ति का करियर तबाह कर देने या सामाजिक कलंक के बगैर जीवन व्यतीत करने की उसकी क्षमता को उसी तरह प्रभावित करते हैं।

उच्चतम न्यायालय ने इस मामले की समीक्षा में अविश्वसनीय रूप से तर्कसंगत खामियां पाई हैं। इन खामियों के बारे में तीन अदालतें भी नहीं पता कर पाई थीं जिनमें खुद उच्चतम न्यायालय का पुराना पीठ भी शामिल है। जून 2003 में पांच लोगों की हत्या और एक महिला के साथ बलात्कार के आरोप में इन छह लोगों को दोषी ठहराया गया था। तीन वर्षों में नासिक सत्र अदालत ने इन लोगों को मौत की सजा सुनाई। बंबई उच्च न्यायालय ने वर्ष 2009 में इनमें से तीन लोगों की मौत की सजा को कम कर दिया था लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इन सभी लोगों की मौत की सजा बहाल कर दी थी।

यह ऐसा मामला साबित हुआ है जिसमें जांच एजेंसियों ने आरोपियों को फंसाने की कोशिश की है। उच्चतम न्यायालय के ताजा फैसले का अहम पहलू यह है कि अपराध के दौरान जिंदा बच गए एक शख्स ने घटना के तत्काल बाद पुलिस की तरफ से दिखाई गई तस्वीरों से चार एकदम अलग लोगों की शिनाख्त की थी। लेकिन काफी समय बाद इन छह कबायलियों की शिनाख्त कर ली गई और उन्हें ही मामले में आरोपी बना दिया गया। जांच के दौरान मिले कई अहम सुरागों की पड़ताल भी नहीं की गई। इस पहलू को देखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने जांच में शामिल रहे अधिकारियों की भूमिका की जांच करने को भी कहा है।

यह मामला देश में हर तरह की गतिविधि में शामिल नियामकीय संस्थाओं के लिए भी कई सबक समाहित किए हुए है। अपने लक्ष्य को हासिल करने और काम पूरा करने के दबाव के बीच इन नियामक एजेंसियों के अधिकारियों के लिए गलत प्रोत्साहन रहता है कि किसी को भी धोखाधड़ी या भेदिया कारोबार के गंभीर मामलों में आरोपी बना दिया जाए। इसके साथ अगर लापरवाही भी शामिल हो जाए तो ऐसे आरोप किसी भी व्यक्ति का करियर खत्म कर सकते हैं और उसके पूरे परिवार को बरबाद कर सकते हैं। यह दीवानी मामलों में मौत की सजा के ही बराबर है।

'नो वन किल्ड जेसिका' जैसी फिल्मों में समाज की इसी रक्त-पिपासु धारणा को संबल दिया जाता है, बनिस्बत कि इंसाफ दिलाने में सटीक तथ्य-अन्वेषण की जरूरत पर बल दिया जाए। इसी से 'सामूहिक चेतना' जैसी अब न्यायिक रूप से भी स्वीकृत अवधारणा का जन्म होता है जिनका ध्यान रखने की अपेक्षा न्यायाधीशों से भी की जाती है। समाज की सहज एवं चिरंतन सोच यही रही है कि वर्दी पहनने वाले लोग कभी भी जालसाजी नहीं करते हैं लेकिन आरोपियों की जिंदगी तबाह करने पर खमियाजा भुगतने का स्पष्ट प्रावधान नहीं होने पर ऐसी धारणाओं की कोई अहमियत नहीं होती है।

दीवानी नियामकीय प्रक्रियाओं में केवल गलती होने के संदेह के ही आधार पर लोगों की जिंदगी को गहरे तक प्रभावित किया जा सकता है और उसके लिए किसी तरह की सुनवाई भी जरूरी नहीं होती है। इस तरह की अदालती प्रक्रिया में फैसला आने के बाद केवल नियंत्रण एवं संतुलन का ही प्रावधान होना समस्या को और गंभीर बना देता है। जबकि नियामकीय संस्थाएं इन मामलों में खुद ही अभियोजन और न्यायाधीश दोनों होती हैं।

जहां तक इस मामले का सवाल है तो निचली अदालत से लेकर उच्चतम न्यायालय के पुराने पीठ तक अभियोजन पक्ष की तरफ से रखे गए तथ्यों से इत्तफाक रखते आए थे। इससे पता चलता है कि न्यायिक निगरानी किस हद तक असरहीन हो सकती है। टीवी चैनलों के प्राइम टाइम में होने वाली चर्चाओं में लोकप्रियता बटोरने के लिए जनभावनाओं को उकसाया जाता है और बुनियादी इंसानी कमियां ऐसी निगरानी को और कमजोर कर देती है।

इस मूलभूत समस्या का एकमात्र समाधान यही है कि जांच करने वाले अधिकारियों को किसी मामले के सही निपटारे पर प्रोत्साहन देने के साथ ही फर्जी तरीके से केस हल करने पर हतोत्साहित भी किया जाए। इसी के साथ नियंत्रण एवं संतुलन साधने की भूमिका का निर्वाह नहीं करने पर भी उन्हें हतोत्साहित किया जाए। जांच की पूरी प्रक्रिया के दौरान सूत्रों के हवाले से मीडिया में आने वाली सुर्खियां अपने-आप में आरोपी के लिए गंभीर दंड से कम नहीं होती हैं। कानून लागू करने वाली एजेंसियों के दूसरे पक्ष में होने भर से संदिग्धों को यह सजा मिलने लगती है। उच्चतम न्यायालय ने अपने पुराने पीठ की गलती को भी स्वीकार कर एक नजीर पेश की है जिसका अनुसरण किया जाना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ अधिवक्ता एवं स्वतंत्र परामर्शदाता हैं)

कानाफूसी

दिलचस्प घटनाक्रम

अमर सिंह की वापसी हो रही है। चर्चा यह है कि भारतीय जनता पार्टी उन्हें मुरादाबाद से और समाजवादी पार्टी की सांसद रह चुकीं जयाप्रदा को दोबारा रामपुर से ही चुनाव मैदान में उतार सकती है। जयाप्रदा को सन 2015 में सपा से निकाल दिया गया था और उन्होंने घोषणा की थी कि वह भाजपा में जा सकती हैं। परंतु अब तक उन्हें भाजपा की ओर से कोई न्योता नहीं मिला था। परंतु गत वर्ष जुलाई में रामपुर में आम लोगों को ईद की मुबारकबाद देते ऐसे पोस्टर नजर आए थे जिन पर जयाप्रदा की तस्वीर बनी थी। इस बीच उनके शत्रु बन चुके आजम खान ने घोषणा की है कि वह शायद अब चुनाव न लड़ें। भाजपा ने 2014 में नेपाल सिंह को उम्मीदवार बनाया था और वह जीते भी थे लेकिन इस बार शायद उनको टिकट न मिले। यह सीट इस बार जयाप्रदा को मिल सकती है। भाजपा इस बारे में इसलिए विचार कर रही है क्योंकि जयाप्रदा और आजम खान की दुश्मनी जगजाहिर है। सपा छोड़ते वक्त जयाप्रदा ने कहा था कि पार्टी के पास यह तमीज ही नहीं है कि औरतों के साथ कैसा व्यवहार किया जाए। कांग्रेस ने मुरादाबाद से राज बब्बर को उम्मीदवार बनाया है। वहां से सर्वेश कुमार सिंह भाजपा के मौजूदा सांसद हैं। वह मोदी लहर में भी केवल 80,000 वोट से जीत पाने में सफल रहे थे। अभी यह तय नहीं है कि अमर सिंह को वहां से टिकट मिल ही जाएगा क्योंकि वह अब तक पार्टी के सदस्य भी नहीं है। यह सीट भाजपा के लिए चुनौती बन गई है। वहां सपा काफी मजबूत है। पांच में से दो विधानसभाओं से सपा के विधायक हैं। अगर अमर सिंह को टिकट मिलता है तो वहां का चुनाव दिलचस्प होगा।



आपका पक्ष

आतंकवाद पर चीन का रुख

चीन ने संयुक्त राष्ट्र में वीटो का प्रयोग कर चौथी बार आतंकी संगठन के सरगना मसूद अजहर को वैश्विक आतंकवादी घोषित होने से बचा लिया। भारत को अपनी रणनीति और कूटनीति को फिर से धार देने की जरूरत है जिससे भारत चीन को मात दे सके। चीन को मात देने के लिए भारत को आर्थिक तथा रक्षा क्षेत्र में और मजबूत होना होगा। चीन पूरी दुनिया में व्यापार के दम पर धौंस दिखाता है। इस कारण उसका आर्थिक बहिष्कार करना ही होगा और यह चीन के लिए कठोर कदम होगा। वर्तमान में भारत दुनिया का छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लेकिन भारत को और आगे जाना होगा। रक्षा बजट भले ही इतिहास में पहली बार तीन लाख करोड़ रुपये को पार कर गया हो पर चीन को चुनौती देने के लिए काफी नहीं है। रक्षा बजट और बढ़ाने के साथ ही अगर हम जीडीपी का 1.5 प्रतिशत हिस्सा रक्षा क्षेत्र को देते हैं तो यह एक मजबूत कदम होगा। संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद पर अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी का प्रस्ताव लाना भारत की कूटनीतिक जीत है लेकिन चीन के अड़ियल रवैये से स्पष्ट हो चुका है कि वैश्विक स्तर पर आतंकवाद पर कौन साथ है और कौन नहीं? चीन का कहना है कि उसे जांच के लिए और समय चाहिए। अब कौन सी जांच की आवश्यकता है? जब मानवता के दुश्मन हमले की खुलेआम जिम्मेदारी लेते हों। चीन वही गलती कर रहा है जो वर्षों पहले अमेरिका ने आतंकवाद को पोषण देकर किया और 9/11 जैसा आतंकी हमला हो गया। संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों को मिलकर दूसरा प्रभावी कदम उठाने पर विचार करना होगा तथा चीन जैसे देश जो वीटो का गैर जिम्मेदाराना तरीके से पिछले 10 साल में चार बार किसी आतंकी को बचाने का प्रयोग किया हो उनकी भी जवाबदेही तय की जानी चाहिए। जिस प्रकार से पूरे विश्व ने आतंकवाद पर एकजुटता दिखाई थी, ठीक उसी प्रकार इस मुद्दे पर भी पूरे विश्व को एक मंच पर आना होगा, क्योंकि आतंकवाद अब भारत-पाकिस्तान तक सीमित ना रह कर पूरे विश्व में फैल चुका है। ऐसे देश जो आतंकवाद के प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रूप से पोषक हैं उनका वैश्विक स्तर पर राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक बहिष्कार होना आवश्यक है।

देवानंद राय, नई दिल्ली

पूरे विश्व से आतंकवाद को खत्म करने के लिए सभी देशों को एकजुट होना चाहिए

भारत के 15 शहर विश्व में प्रदूषित

दुनिया के 20 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में से 15 शहर भारत के हैं। गुरुग्राम, गाजियाबाद, फरीदाबाद, नोएडा तथा भिवाड़ी शीर्ष छह प्रदूषित शहरों में शामिल है। यह खुलासा 2018 वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट से हुआ है। इस रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार दिल्ली-एनसीआर पिछले साल विश्व में सर्वाधिक प्रदूषित क्षेत्र के रूप में उभरा है। राजधानी दिल्ली 11वें नंबर पर है। प्रदूषण विश्व की एक गंभीर चिंता का विषय बन गया है। किसी भी देश के लिए यह एक बड़ी समस्या बन गई है। भारत में कस्बों तथा गांवों भी प्रदूषण की चपेट में आने लगे हैं। बेतहाशा बढ़ती आबादी, वाहनों की संख्या में इजाफा, छोटे कल-कारखाने, पेड़ों की कटाई आदि कई कारक हैं जिससे प्रदूषण बढ़ रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए जनअभियान चलाने की जरूरत है।

पाठक अपनी राय हमें इस पते पर भेज सकते हैं : संपादक, बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, 4, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002. आप हमें ईमेल भी कर सकते हैं : lettershindi@bsmail.in उस जगह का उल्लेख अवश्य करें, जहां से आप ईमेल कर रहे हैं।

दैनिक जागरण

सफलता निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है

लोकपाल का गठन

देश के पहले लोकपाल के तौर पर सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश पीसी घोष का नाम सामने आना एक अच्छी खबर तो है, लेकिन अगर उनके नाम की आधिकारिक घोषणा हो जाती है तो भी यह कहना कठिन है कि भ्रष्टाचार रोधी एक प्रभावी और विश्वसनीय व्यवस्था आकार लेने वाली है। एक तो अभी लोकपाल सदस्यों के नाम भी तय होने हैं और दूसरे, इसका निर्धारण भी होना है कि लोकपाल व्यवस्था कैसे काम करेगी और वह सीबीआइ और सीवीसी के बीच कैसे संतुलन बैठाएगी? इस सवाल के बीच लोकपाल प्रमुख और उसके सदस्यों को लेकर विवाद भी छिड़ने के आसार हैं। सच तो यह है कि विवाद छिड़ता हुआ दिख भी रहा है। देश में कुछ लोग ऐसे हैं जिन्हें उच्च पद पर किसी का चयन तब तक मंजूर नहीं होता जब तक वह उसे सही होने का प्रमाण पत्र न दे दें। हैरत नहीं ऐसे लोग जल्द ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते नजर आएं। जो भी हो, इस पर हैरानी नहीं कि लोकपाल चयन समिति में लोकसभा में सबसे बड़े दल के नेता के रूप में मल्लिकार्जुन खड़गे ने हिस्सा नहीं लिया। उनकी शिकायत यह थी कि उन्हें नेता विपक्ष के तौर पर नहीं, बल्कि विशेष आमंत्रित सदस्य के तौर पर बुलाया जा रहा है। अपनी इसी शिकायत के बहाने वह लोकपाल चयन समिति की बैठकों का बहिष्कार यह जानते हुए भी करते रहे कि कांग्रेस नेता विपक्ष की हैसियत हासिल करने में नाकाम रही है। वह इससे भी परिचित थे कि सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दलीलों पर गौर नहीं किया। ऐसा लगता है कि खड़गे असहयोग करने पर आमादा थे। पता नहीं उन्हें लोकपाल चयन समिति में अपनी राय रखने में क्या परेशानी थी? आखिर ऐसा भी नहीं कि इस पांच सदस्यीय समिति में वही सब कुछ होना था जो वह चाहते।

इस पर संतोष नहीं जताया जा सकता कि आखिरकार लोकपाल व्यवस्था के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ी, क्योंकि इसमें पांच साल की देर हुई है। यह प्रक्रिया तब आगे बढ़ सकी जब मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा और उसने लोकपाल के गठन में देरी को लेकर सवाल खड़े किए। अच्छा होता कि आम चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के पहले लोकपाल के गठन का काम पूरा हो जाता। यह सही है कि लोकपाल निर्माण की प्रक्रिया सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आगे बढ़ रही है, लेकिन आखिर यह कितना उचित है कि जब आदर्श आचार संहिता अमल में आ चुकी है तब लोकपाल का गठन हो रहा है? हो सकता है कि आगामी कुछ दिनों में लोकपाल व्यवस्था के निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो जाए, लेकिन अगर वह राज्यों के लोकायुक्त की तरह ही काम करती है तो वह सपना शायद ही पूरा हो जो लोकपाल आंदोलन के दौरान देखा गया था। भ्रष्टाचार विरोधी ऐसी व्यवस्था के निर्माण का कोई मतलब नहीं जो नेताओं और नौकरशाहों के कदाचार पर लगाम न लगा सके और जनता को राहत न दे सके। क्या कोई बता सकता है कि राज्यों में गठित लोकायुक्त व्यवस्था आम आदमी को किस तरह राहत दे रही है? बेहतर हो कि विचार इस पर भी हो कि भ्रष्टाचार विरोधी प्रभावी तंत्र कैसे बने?

बेहाल जलापूर्ति

जलापूर्ति के राष्ट्रीय बेंचमार्क पर झारखंड के शहरी स्थानीय निकायों की स्थिति दयनीय है। शहरवासियों को जरूरत का एक तिहाई पानी भी मयस्सर नहीं हो रहा है। पाइपलाइन जलापूर्ति की बात करें तो यह सुविधा महज 11.88 फीसद शहरी आबादी तक ही सीमित है। मानकों की बात करें तो हर व्यक्ति को हर दिन 135 लीटर पानी मुहैया कराना किसी भी कल्याणकारी सरकार का दायित्व है। इससे इतर उन्हें औसतन 43.4 लीटर पानी ही मिल रहा है। यानी कि सरकार अपने निर्धारित लक्ष्य से 91.6 लीटर कम पानी दे पा रही है। इतना ही नहीं जलापूर्ति के स्थापित मानकों में शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे जलापूर्ति की जानी है, परंतु औसतन 2.79 घंटे ही जलापूर्ति की जा रही है। सरकार की हालिया रिपोर्ट स्वयं यह स्थिति बयां कर रही है। राजधानी रांची जहां पूरी की पूरी सरकार विराजमान है, यहां भी यह स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। लगभग ढाई लाख घरों वाली राजधानी में महज 1.10 लाख घरों तक ही पानी की पहुंच है। 26 हजार घरों में ही वाटर मीटर लगाए गए हैं। औसतन साढ़े पांच घंटे ही यहां जलापूर्ति हो रही है। राज्य गठन के 18 वर्ष बाद भी पानी की उपलब्धता जैसे मसले पर शहरों की यह स्थिति चिंतनीय है। ऐसा भी नहीं है कि सरकार इस मसले पर गंभीर नहीं है। अरबों की शहरी जलापूर्ति योजनाओं पर काम चल रहा है, परंतु वे ससमय धरातल पर नहीं उतर रहीं। राजधानी रांची इसकी बानगी है, जहां जेएनएनयूआरएम के तहत 2007 में शुरू हुई योजना आज तक मूर्त रूप नहीं ले सकी है। अब जबकि जेएनएनयूआरएम की मियाद समाप्त हो चुकी है, सरकार ने इसे अपने फंड से मूर्त रूप देने का निश्चय किया है। बहरहाल योजना की लागत राशि चार संशोधित प्राक्कलन के बाद बढ़कर 385 करोड़ रुपये हो गई है। ऐसे में सरकार के सिस्टम और डिलीवरी मैकेनिज्म पर सवाल उठता है। जरूरत है जलापूर्ति जैसे मसले पर ईमानदार पहल की ताकि कल्याणकारी सरकार की अवधारणा मूर्त रूप ले सके और जनता की गाढ़ी कमाई यूं ही बर्बाद न जाए।

नियति निर्धारित करने वाला चुनाव



अश्विनी कुमार

यह चुनाव उस 'आइडिया ऑफ इंडिया' की रक्षा के नाम पर लड़ा जाना चाहिए जो स्वतंत्रता का उत्सव मनाता है और फिलहाल स्वतंत्रता पर खतरा मंडरा रहा है

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव तिथियों की घोषणा के साथ ही 17वीं लोकसभा के चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र एक बार फिर स्वयं को साबित करने जा रहा है जहां दस लाख से अधिक बूथों पर तकरीबन 90 करोड़ मतदाता नई सरकार चुनने के लिए मतदान करेंगे। मौजूदा माहौल में देश के समक्ष विकल्प और चुनौतियों को देखते हुए यह चुनाव ऐतिहासिक रूप से निर्णायक होगा। मतदाताओं को सरकार के प्रदर्शन और विपक्ष द्वारा उस पर उठाए जाने वाले सवालों के आधार पर ही अपना मन बनाना होगा। सरकार अपने काम की दुहाई देगी तो विपक्ष उसकी पोल खोलकर यही बताएगा कि भाजपा के हाथ में देश का भविष्य सुरक्षित नहीं। विपक्ष मुख्य रूप से कृषि संकट, बढ़ती बेरोजगारी, आर्थिक एवं सामाजिक विषमता में बढ़ोतरी और सुस्त पड़ती आर्थिक वृद्धि जैसे ज्वलंत मुद्दों को ही उठाएगा। हाल में कांग्रेस कार्यसमिति के अहमदाबाद संकल्प में इस पर सहमति भी बनी है।

मगर ये चुनाव कुछ अलग हैं। इनमें केवल ये मुद्दे ही प्रभावी नहीं, बल्कि यह उनसे भी कहीं बढ़कर है। यह चुनाव हमारे लोकतंत्र के भविष्य और गुणवत्ता को निर्धारित करेगा। यह चुनाव हमारी लोकतांत्रिक सहभागिता के स्तर और उसके समावेशी स्वरूप एवं प्रतिक्रियाशीलता को तय करेगा। इनमें भीड़तंत्र की हिंसा का विरोध और गणतंत्र के मूल सिद्धांतों की भी परीक्षा होगी। इसका सरोकार हमारी उस क्षमता से भी है कि क्या हम रोटी और आजादी की बनावटी बहस से ऊपर उठ सकते हैं या नहीं? यह चुनाव राजनीति में नैतिकता को भी तय करेगा वह भी ऐसे अतिवादी दौर में जब जबरन वफादारी और अवास्तविक सहमति का जोर है और राष्ट्रवाद एवं देशभक्ति का तानाबाना बिगाड़ा जा रहा है। लोकतांत्रिक संस्थान कमजोर पड़ रहे हैं, विचार एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता संकट में है, धार्मिक अधिकारों का बेहद खराब तरीके से उल्लंघन हो रहा है, मानवीय गरिमा पर प्रहार हो रहा है, बहुलतावादी समाज को एक ढर्रे पर चलाने की कोशिश हो रही है, संकीर्णता का दायरा बढ़ रहा है और वंचितों को लगातार हाशिये पर धकेला जा रहा है। आगामी चुनाव में इन सभी पर भी फैसला होना है। सरकारी ढांचे के दायरे में इंसानी तकलीफों को लेकर सरकार की उपेक्षा, मानवीय संबंधों के स्थापित प्रारूप पर चोट और नफरत से जुड़े अपराधों जिनमें पीड़ित को ही प्रताड़ित किया जाना नया दस्तूर बन गया है। ये सभी संकेत दर्शाते हैं कि हमारी राजनीति कितने अतिवादी ध्रुव की ओर जा रही है।

यह चुनाव देश के नैतिक केंद्र को पुनर्स्थापित करने का एक अवसर भी है। साथ ही एक वैकल्पिक विमर्श तैयार करने का भी जिसमें ये चुनौतियां समाहित हो जाएं जो जनता से व्यापक आजादी के दायरे में उसे ज्यादा सुख-शांति पहुंचाने का वादा करे। बेहद तल्ख माहौल में होने वाले चुनाव में असल मुद्दों की अनदेखी का जोखिम बना रहता है। उसमें होने वाली तीखी सियासी बयानबाजी सभ्य, शालीन और अनुशासित दायरे में राजनीतिक संवाद की हमारी क्षमताओं को कुंद करती है। इस मोर्चे पर सफलता संतुलन की दिशा में वापसी की राह खोलेगी। इससे हम अवसान की ओर बढ़ रहे लोकतंत्र को बचा सकते हैं।

समन्वय की राजनीति और तार्किक सक्रियता के माध्यम से मध्यमार्ग अपनाने की आवश्यकता स्पष्ट रूप से महसूस हो रही है। बुद्ध के मध्यमार्ग और अरस्तू के आदर्शों में 'अतिवाद और शिथिलता' दोनों से बचने के फायदे गिनाए गए हैं। संतुलन के आधुनिक संस्थागत आयाम से हमारा परिचय उन संविधानविदों ने कराया जो मांटेस्क्यू और अन्य विद्वानों से प्रभावित थे। उन्होंने शक्तियों के एक ही निकाय में संकेंद्रण के विचार को खारिज कर आवश्यकतानुसार उसके विभाजन के आधार पर स्थापित साम्य की ही वकालत की है। फिर भी इस बीच के रास्ते के उस स्वाभाविक गुण की परीक्षा शेष है जिसमें लोग अतिवाद की तुलना में कहीं बेहतर ढंग से तालमेल बिठा लेते हैं। यह समझदारी का सबसे मुश्किल सबक है। समझदारी के इसी सबक को फिर से सीखने की जरूरत हो गई है। उम्मीद है कि विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भारतीय लोकतंत्र में संतुलन की इस राह की आवश्यकता को महसूस करेंगे अन्यथा यह कुछ हिंसक समूहों के भीड़तंत्र तक ही सिमटकर रह जाएगा। यह चुनाव हमें यह भी अवश्य स्मरण कराए कि एक उदार और स्वतंत्र लोकतंत्र समानता एवं न्याय के आधारभूत सिद्धांतों पर ही फलता-फूलता है और यह केवल उसी माहौल में कायम रह सकता है जहां वैचारिक एवं राजनीतिक विरोधियों के साथ निजी दुश्मनों की तरह व्यवहार न किया जाए। अपने लोकतंत्र को सौम्य एवं अनुकूल बनाने के लिए हमें खुद को इस प्रकार शिष्ट बनाने की जरूरत है ताकि सत्ता में बैठा कोई भी शख्स 'निरंकुश' न बन सके। चूंकि मानव जीवन स्वयं संतुलन की ओर आकर्षित होता है तब हमें अपनी राजनीति से भी तो सुव्यवस्था और स्थायित्व की अपेक्षा करनी चाहिए।

चुनावी जंग पाकिस्तान के साथ सैन्य तनाव के साये में लड़ी जाएगी। ऐसे उन्मादी माहौल में राष्ट्र की भावना पर सैन्य गौरव के असर से इन्कार नहीं किया जा सकता। निश्चित रूप से इससे लोगों की धारणा प्रभावित होगी। मगर जिस चुनाव पर देश का भविष्य निर्भर हो वह कुछ भावनाओं को भुनाने या देश के अतिवादी ध्रुवीकरण का पड़ाव नहीं बन सकता। इसके बजाय यह भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने का निमित्त बनना चाहिए। एक सौहार्दपूर्ण लोकतंत्र के निर्माण का जिसकी फिलहाल देश को बहुत जरूरत है। यह हमारे लिए ऐसा अवसर है कि हम भीड़ से अलग हटकर उस तथाकथित ताकतवर देश के मोह को तिलांजलि दें जिसमें संकीर्ण राष्ट्रवाद अफीम की तरह इस्तेमाल होता है। हमें साथ मिलकर खुले समाज की अवधारणा को नए सिरे से मजबूत करना होगा। ऐसा तभी हो सकता है जब हम आजादी पर होने वाले आघात और अन्य अनावश्यक दबावों का विरोध करें। कोई भी देश तभी मजबूत हो सकता है जब उसके नागरिक बिना किसी डर के मुश्किल से मुश्किल हालात में पीछे नहीं हटते।

देश को यह बात स्वयं को स्मरण कराते रहना चाहिए कि उसके नागरिकों की स्वतंत्रता उनकी समझदारी से ही सुनिश्चित है और स्वतंत्रता के लिए संघर्ष एक स्थाई क्रांति है जिसके माध्यम से मानवीय गरिमा की धारणा निरंतर रूप से गतिमान रहती है। जो लोग स्वतंत्रता के दायित्व से बंधे हैं उन्हें एकजुट रहकर खुलकर आवाज उठानी चाहिए। जो पार्टियां उत्पीड़न, शोषण और डर से आजादी के आधार पर अपना अभियान चलाकर इस चुनाव को आजादी के एक और संघर्ष का रूप दे रही हैं, उनका विमर्श राष्ट्रवाद के विकृत स्वरूप का जवाब है। राष्ट्र के विशिष्ट मूल्यों की पुनर्स्थापना के लिए संघर्ष के माध्यम से ही राजनीतिक दल वह विश्वसनीयता हासिल कर सकते हैं कि वे वास्तव में जन प्राथमिकताओं के सच्चे हितैषी हैं। इस लिहाज से 13 मार्च को चेन्नई में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का बयान भरोसा जगाता है जिसमें उन्होंने लोकतांत्रिक संस्थानों पर प्रहार और देश में डर के माहौल को दूर करने की जरूरत बताई थी। वास्तव में यह चुनाव उस 'आइडिया ऑफ इंडिया' की रक्षा के नाम पर लड़ा जाना चाहिए जिसमें स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जाता है और फिलहाल उस स्वतंत्रता पर खतरा मंडरा रहा है।

(लेखक पूर्व केंद्रीय मंत्री हैं)

response@jagran.com

राजनीति के स्तर में गिरावट का सिलसिला

जगमोहन सिंह राजपूत

एक वर्ग मोदी की पुन: वापसी की संभावना से इतना भयाक्रांत है कि सामान्य शिष्टाचार तक भूल गया है

भारतीय वायुसेना द्वारा पाकिस्तान के बालाकोट में किए गए एयर स्ट्राइक के बाद देश का आत्मविश्वास बढ़ा है। वैश्विक स्तर पर भारत को आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए इतना व्यापक अंतरराष्ट्रीय समर्थन पहले कभी नहीं मिला था। देश के हर स्थान पर सेना को और एक-दूसरे को बधाइयां दी गईं। हर चेहरे पर प्रसन्नता व्याप्त थी। हालांकि क्षुद्र स्वार्थवश कुछ गिने-चुने राजनेता पक्ष-विपक्ष के ऊपर उठ नहीं पाए। एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल के अध्यक्ष ने न केवल वायुसेना के पायलटों को बधाई दी, जो सर्वथा उचित था, लेकिन साथ ही यह उनकी संकुचित मानसिकता की सीमाओं को भी स्पष्ट कर गया। कई अन्य उदाहरण भी हैं जो राजनीति के हल्केपन और नासमझी के उदाहरण ही माने जाएंगे। ऐसे अवसरों पर राष्ट्र की मन:स्थिति सामान्य नागरिक ही बिना लागलपेट के व्यक्त करते हैं। उनके विवेचन सदैव ही तर्कसंगत पाए जाते हैं, क्योंकि उनमें पूर्वाग्रह शामिल नहीं होते हैं। इस बार भी ऐसा ही हुआ। देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा निर्णय लेने की क्षमता की भूरि-भूरि प्रशंसा हुई। इंदिरा गांधी को याद किया गया, उनके तथा उस समय के पक्ष-विपक्ष के राजनेताओं के बड़प्पन तथा इस समय कुछ लोगों की क्षुद्रता को भी गांव-चौपालों में विश्लेषित किया गया। लोगों ने 'नोट' किया कि नरेंद्र मोदी के विरोधी इस अवसर पर भी उनकी प्रशंसा नहीं कर पाए। उन्हें बधाई नहीं दे पाए और इससे वे भारतीय राजनीति में 1971 के बाद आई गिरावट को अनजाने ही लोगों के समक्ष उजागर कर गए। जनता ने इसे समझा है।

1971 में हर राजनीतिक दल तथा छोटे-बड़े सभी नेताओं ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की दिल खोलकर सराहना की थी। उस समय हर दल के पास परिपक्व नेतृत्व था, स्वतंत्रता संग्राम में तपे हुए सेनानियों की उपस्थिति थी। उनमें शायद ही कोई उस समय करोड़पति या अरबपति रहा हो! आज शीर्ष पंक्ति में नरेंद्र मोदी को छोड़कर शायद ही कोई ऐसा राजनेता होगा, जो परिवार सहित धन-धान्य से पूरी तरह संपन्न न हो? वैसे इन सबके परिवारों की स्थिति भी प्रारंभ में वैसी ही थी जैसी मोदी के परिवार की आज भी बनी हुई है, जबकि वे स्वयं अठारह वर्ष से सत्ता में हैं। लोग जानते हैं कि उनका सामना उन अरबपतियों से है जो राजनीति में आने के कारण ही 'कहां से कहां पहुंच गए!' आज देश की जनता इस अंतर को पहचान चुकी है। नोटबंदी के समय बैंक के सामने तीन-तीन दिन तक खड़े रहने वाले लोग भी मोदी की प्रशंसा ही करते देखे गए। क्या किसी राजनेता या राजनीतिक पंडित ने लाल बत्ती हटाने के सामान्य जनता पर पड़े प्रभाव का अध्ययन किया? वे इसे भूल गए, मगर लोग नहीं भूले हैं। आज जनता सेना को शीघ्र सशक्त होते देखना चाहती है। जब सेना का एक भी जवान शहीद होता है तो हर घर में दुख प्रवेश करता है। कई दशकों से देश इसे सहता रहा है। इस तथ्य को स्वीकार करना ही पड़ेगा कि पाक के साथ अमन की आशा कुछ लोगों को व्यक्तिगत लाभ देती रही है, लेकिन पाकिस्तान भारत को घाव देते रहने की नीति पर बेशर्मी से चलता रहा है। 1971 में राजनीति पीछे थी, देश आगे ही नहीं सर्वोपरि था। 2019 में अपने उस राजनीतिक अस्तित्व को बचाने की चिंता उन नेताओं में सर्वोपरि दिखती है जो नरेंद्र मोदी की अप्रत्याशित स्वीकार्यता के आभामंडल में विलीन होने की तरफ अग्रसर हो रहे हैं।

लोगों को अभी अच्छी तरह याद है कि दिसंबर 1971 में बांग्लादेश बनाने के पहले इंदिरा गांधी ने छह देशों का दौरा किया था। जहां अमेरिका में उनका अपमान हुआ वहीं उन्होंने सोवियत संघ के साथ अगस्त 1971 में संधि की जो अत्यंत विचारणीय कदम था। वर्तमान प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं के आलोचक यह सब भूल जाते हैं। नरेंद्र मोदी ने अपनी दीर्घकालीन रणनीति के अंतर्गत पहले विश्व में भारत को सम्मानपूर्ण स्थान दिलाया, आर्थिक प्रगति को दिशा दी और तब विश्व का ध्यान भारत की ओर गया। आज उसी का परिणाम है कि पुलवामा के बाद भारत को अभूतपूर्व अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिला है। इससे देश का जो सामान बढ़ा है, उसे स्वीकार करने में आनाकानी करना केवल क्षुद्रता की ही निशानी मानी जाएगी। आखिर हम कब तक अपने शहीदों को तिरंगे में लिपटाकर उनके परिवारों को सौंपते रहेंगे? इससे देश का मनोबल गिरता है। देश को इससे निकालने का सफल और स्वीकार्य प्रयास एयर स्ट्राइक के जरिये हुआ है। इसकी सराहना देश-विदेश कर रहा है। जनता इसका श्रेय वर्तमान सरकार और उसके नेता नरेंद्र मोदी को खुले दिल से दे रही है। जो 'नेतागण' इसमें कोताही कर रहे हैं वे अपने व्यक्तित्व को स्वयं नीचे ला रहे हैं। उनकी साख कम हो रही है। अनेक हंसी के पात्र बन रहे हैं, विशेषकर वे जो 'सेना से सुबूत' मांग रहे हैं! ऐसे लोगों को गांवों में जाकर उन परिवारों से मिलकर देश का 'मूड' जानना चाहिए जहां सेना में जाने की परंपरा है, जहां शहादत से साक्षात परिचय पीढ़ियों से होता आ रहा है, जहां हर शहीद के परिवार से आगे की पीढ़ी सेना में जाने को पहले से अधिक उत्सुक रहती है। वे शौर्य परंपरा के ध्वजवाहक हैं। सुरक्षा बालों के हर स्तर के लोग बधाई के पात्र हैं। आज सत्ता में जनता यानी राष्ट्र द्वारा चयनित नेतृत्व बधाई का पात्र है, क्योंकि वह निर्णय ले सका। निर्णय लेने की इस क्षमता ने सुरक्षाबलों का मनोबल दशकों के लिए बढ़ा दिया है। एक पूर्व सैन्य अधिकारी ने रणनीति परिवर्तन को यह कहकर पूरी तरह उजागर कर दिया कि मेरे जैसे लोग तो पाकिस्तान की ओर से अपमान सहते-सहते राजनीतिक नेतृत्व की निर्णय लेने की अक्षमता के तले दबे रहे और मन मारकर सेवानिवृत्त हो गए! आज का राजनीतिक नेतृत्व निर्णय लेने में सक्षम है। यह बड़ा अंतर है और सराहनीय है।

कुछ पूर्वाग्रही अपवादों को छोड़कर इस समय देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कदम सर्व-स्वीकार्य है। 2014 में भी उन्होंने राजनीति की उस धारा को प्रवाहित किया था जहां राजनीतिक दल में रहते हुए भी नेता दलगत राजनीति से ऊपर उठ जाता है। नरेंद्र मोदी को देश का नेतृत्व देने के लिए 2014 में देश के हर हिस्से में लोगों ने दलगत प्रतिबद्धताएं त्यागकर 'व्यक्ति' को वोट दिया था। ऐसा लगा था कि अब राजनीति, क्षेत्रीयता, भाषागत विविधता जैसे पक्षों को आधार बनाकर उभरे नेताओं और दलों के दिन पूरे होने वाले हैं। देश ने नरेंद्र मोदी के परिवारजनों के संबंध में जाना। अनेक क्षेत्रीय नेताओं के परिवारों तथा धन-वैभव संग्रह के संबंध में पहले से ही देश परिचित था। वह वर्ग इस समय मोदी के पुन: आने की संभावना से इतना भयग्रस्त हो गया है कि सामान्य आचरण और शिष्टाचार भूलकर जनता से भी दूर हो गया है। वे समझ ही नहीं पा रहे हैं कि क्या करें, किधर, किसके पास जाएं! वे बेसुरे होकर अपने ऊपर ही आघात कर रहे हैं।

(लेखक एनसीईआरटी के पूर्व निदेशक हैं)

response@jagran.com

ऊर्जा

भक्ति और शक्ति

किसी भी आराध्य या इष्ट की उपासना को भक्ति कहा गया है। आखिर हम भक्ति करते क्यों हैं? इसका प्रयोजन क्या है? भक्ति के लिए उपासना पद्धति को क्यों महत्व दिया गया है? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जो मन में उठते हैं। उपासना की पद्धति का अपना आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक महत्व है। भक्ति में शक्ति सन्निहित है। यदि आप शक्ति प्राप्त करना चाहते हैं तो आपको भक्ति करना अनिवार्य है। भक्ति के बगैर शक्ति प्राप्त नहीं कर सकते। शक्ति के बिना मनुष्य असहाय और असमर्थ है। यही कारण है कि वह विभिन्न प्रकार से शक्ति प्राप्त करने का प्रयास करता रहता है। जैसे खान-पान से वह शारीरिक शक्ति प्राप्त करता है। मनुष्य के पास शारीरिक शक्ति को प्राप्त करने के अनेक साधन हैं, पर शारीरिक शक्ति से कहीं अधिक महत्व आध्यात्मिक शक्ति का माना जाता है। जिस व्यक्ति में आध्यात्मिक शक्ति है, उसे ही सबसे सबल माना जाता है। इस संदर्भ में सवाल यह है कि मनुष्य आध्यात्मिक शक्ति कैसे हासिल करे? इसका जवाब अध्यात्म में ही निहित है। मनुष्य अनेक तरह की असुरक्षाओं और भयों से ग्रस्त रहता है। इन सब नकारात्मक भावों से आध्यात्मिक शक्ति के जरिये ही छुटकारा पाया जा सकता है। इसलिए मनुष्य आध्यात्मिक शक्ति के किसी प्रतीक की तलाश में रहता है। वस्तुतः यही प्रतीक उसे भयों से मुक्त कर सकता है। वह सोचता है कि काश! कोई ऐसी शक्ति हो जो उसकी रक्षा करे, जो संकट पड़ने पर उसका मनोबल बढ़ाए और अदृश्य रूप से उसके साथ रहे। इसी आधार पर 'आकार' का निर्धारण किया गया और ये 'आकार' कालांतर में देवी-देवताओं के रूप में परिवर्तित हो गए।

आध्यात्मिक शक्ति के बिना हम सफल नहीं हो सकते। ऐसा इसलिए, क्योंकि जीवन के संकटों और कठिनाइयों का सामना करने के लिए हमें साहस रूपी शक्ति का सहारा चाहिए जो हमें अध्यात्म से ही प्राप्त होती है। स्पष्ट है कि भक्ति से ही शक्ति प्राप्त होती है। देवताओं का पूजन-अर्चन और उनकी भक्ति करना ही सब कुछ नहीं है। इसके साथ यह भी जानें कि इस पूजन-अर्जन आदि के पीछे रहस्य क्या छिपा है। रहस्य यही है कि भक्ति की शक्ति से आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। उपासना पद्धति कोई ढकोसला या दिखावा नहीं है।

योगीराज रमेशजी महाराज

ट्विटर पर आया 'चौकीदारों' का सैलाब

2014 के चुनाव में 'चायवाला', गुजरात चुनाव में 'विकास' और अब 2019 के लोकसभा चुनाव में 'चौकीदार'। ये पहले सिर्फ एक शब्द हुआ करते थे, लेकिन चुनावी रण में इन्हें एक कैंपेन बना दिया गया। इस बार पीएम ने खुद को देश का चौकीदार बताया तो विपक्ष ने इसका काट निकाला और पीएम मोदी को 'चौकीदार चोर है' कहना शुरू कर दिया, लेकिन अब राहुल का ये हथियार ही मोदी का ब्रह्मास्त्र बन चुका है।

भाजपा ने अब 'चौकीदार चोर है' की काट के तौर पर 'मैं भी चौकीदार' कैंपेन शुरू कर दिया है। एक के बाद एक हर कोई खुद को चौकीदार बता रहा है। पहले तो यह कैंपेन सिर्फ एक हैशटैग की तरह वायरल हुआ और ट्विटर पर ट्रेंड करने लगा, लेकिन जैसे ही पीएम मोदी ने ट्विटर पर अपने नाम के आगे चौकीदार जोड़ा, एक नया ट्रेंड शुरू हो गया है। एक के बाद एक हर भाजपा नेता और समर्थक अपने नाम के आगे चौकीदार लगाने लगे हैं। ट्विटर पर हर नाम के आगे 'चौकीदार' लिखा दिखाई दे रहा है।

फिर से

जिसे राहुल गांधी अब तक अपना सबसे बड़ा हथियार समझ रहे थे, अब वह पीएम मोदी का ब्रह्मास्त्र बन चुका है

अगर पीएम मोदी कुछ करते हैं तो उनके करोड़ों चाहने वाले भी उनका अनुसरण जरूर करते हैं। 'मैं भी चौकीदार' कैंपेन के तहत जैसे ही पीएम मोदी ने ट्विटर पर अपना नाम बदलकर 'चौकीदार नरेंद्र मोदी' किया, वैसे ही एक के बाद एक भाजपा नेता, कार्यकर्ता, समर्थक और अन्य चाहने वालों ने अपना नाम बदलना शुरू कर दिया। अब भाजपा अध्यक्ष अमित शाह, रेल मंत्री पीयूष गोयल, आइटीसेल प्रमुख अमित मालवीय, दूरसंचार मंत्री रविशंकर प्रसाद, कैलाश विजय वर्गीय, पूनम महाजन, मीनाक्षी लेखी, संबित पात्र समेत बहुत से लोगों ने ट्विटर पर अपने नाम के आगे चौकीदार लगा लिया है। पीएम मोदी से शुरू हुए इस कैंपेन में नामों की लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है।

एक दिन पहले ही भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' का एक वीडियो जारी किया था, जिसके बाद से ही यह कैंपेन शुरू हुआ है। दरअसल राहुल गांधी हर बार यही कह रहे थे कि 'चौकीदार चोर है', क्योंकि पीएम मोदी खुद को चौकीदार कहते हैं। अब 'मैं भी चौकीदार' कैंपेन के चलते हर कोई खुद को चौकीदार कह रहा है। यानी अब भी अगर राहुल गांधी 'चौकीदार चोर है' कहेंगे तो इससे हर वह शख्स आहत होगा, जिसने अपने नाम के आगे चौकीदार लगाया है। यह कहना गलत नहीं होगा कि जैसे पीएम मोदी ने 'विकास पागल हो गया है' वाले कांग्रेस के नारे को गुजरात की अस्मिता से जोड़ दिया था और कांग्रेस को वह कैंपेन बंद करना पड़ा था, ठीक वैसे ही 'चौकीदार चोर है' को उन्होंने देश की अस्मिता से जोड़ दिया है।

भाजपा की ओर से चलाया गया 'मैं भी चौकीदार' अभियान जितनी तेजी से देश भर में फैल रहा है, उसे देखकर यह कहना गलत नहीं होगा कि राहुल गांधी बैकफुट पर आ गए हैं। कल तक वह सीना ठोंक कर चौकीदार चोर है कहते थे, लेकिन हो सकता है कि अब उन्हें अपना वह कैंपेन ही रोकना पड़े। जैसे गुजरात चुनाव के दौरान विकास पागल हो गया है का अभियान कांग्रेस को रोकना पड़ा था। अब यह देखना वाकई दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में कांग्रेस इसका जवाब कैसे देती है।

(साभार : आइचौकडॉटइन में अनुज मौर्या)

मेलबाक्स

चीन की बुरी नीयत से सावधान

संजय गुप्त ने अपने आलेख 'अड़ियल चीन से निपटने की चुनौती' में जिस तरह से चीन की भारत विरोधी मानसिकता को उद्घाटित किया है, वह वर्तमान संदर्भों में विचारणीय है। पुलवामा हमले के बाद भारत ने पाक पोषित आतंकवाद के विरुद्ध जैसी आक्रामकता दिखाई है, उससे पाकिस्तान दहशत में आ गया। दूसरी ओर भारत के इस आतंक विरोधी रुख को मिलने वाले वैश्विक समर्थन से पाकिस्तान पूरी दुनिया में अलग-थलग पड़ गया। इन सब स्थितियों के बीच अमेरिका, ब्रिटेन और फ्रांस ने संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान की गोद में बैठे हुए कुख्यात आतंकी सरगना मसूद अजहर को प्रतिबंधित करने के लिए जो प्रस्ताव पेश किया उस पर चीन ने अपनी आपत्ति दर्ज करते हुए उसे निष्प्रभावी कर दिया। एशिया प्रायद्वीप में भारत को अपना प्रबल प्रतिद्वंद्वी मानने वाले चीन की नियत भारत के प्रति कभी साफ-सुथरी नहीं रही। 1962 में भारत पर चीन का आक्रमण इसका प्रमाण है। भारत को पाक पोषित आतंकवाद में उलझाए रखने के उद्देश्य से चीन ने एक बार फिर अपनी वीटो पॉवर का दुरुपयोग कर भारत की आतंकविरोधी लड़ाई को कमजोर करने की कोशिश की है। ऐसे में भारत को यह समझने की जरूरत है कि चीन से बिना टकराए उसे रास्ते पर कैसे लाया जाय? इसके लिए अब भारत को सख्त कूटनीतिक कदम उठाने होंगे। चीन की भारत विरोधी दुर्नियत को दुनिया के सामने स्पष्ट करने के लिए उसके पाक पोषित आतंकवाद को संरक्षित करने की अनीति को स्पष्ट करना जरूरी है। वैसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से जुड़े दुनिया भर के देश अब यह समझ चुके हैं कि चीन आतंकवाद के संदर्भ में दोहरी नीति अपना रहा है। ऐसे में पाक पोषित आतंकवाद को संरक्षित करने वाली चीन की दुर्नियत के प्रति बनने वाली वैश्विक अवधारणा को और अधिक धार देने की जरूरत है।

डॉ. वीपी पाण्डेय, अलीगढ़

एक बार फिर नए मुद्दे

जादू शब्द अपने आप में तिलस्मी है और इस शब्द के जहन में आते ही लगता है कि सब कुछ चुटकियों में बदल सकता है। ठीक यही हुआ 26 मई, 2014 को जब राष्ट्रपति भवन से नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। लोग दस साल के यूपीए के शासन से ऊब चुके थे और बदलाव भारत की फिजाओं में महसूस होने लगा था। भारी-भरकम और लोक लुभावन घोषणा पत्र के सहारे भाजपा सत्ता पर काबिज हो चुकी थी। लोगों को दिल्ली-मुंबई में सिंगापुर और उम्मीदों की पटरी पर बुलेट ट्रेन दिखने लगी थी। हर बेरोजगार युवा अपने आपको किसी न किसी सरकारी कुर्सी पर देखने लगा था। समय बीतता गया और लोग इन चीजों को भूलकर नए मुद्दों में उलझते गए। मोदी सरकार नौकरियों से लेकर अकल्पनीय वादों जैसे स्मार्ट सिटी, काला धन, बुलेट ट्रेन आदि मुद्दों पर कुछ खास नहीं कर सकी। लेकिन इन सब के बीच एक अच्छी बात यह थी कि उन्होंने मध्यमवर्ग के लिए अभूतपूर्व काम किया, जैसे उज्ज्वला योजना, शौचालय, जन-धन, आयुष्मान भारत इत्यादि। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की स्थिति मजबूत हुई है। पर प्रत्यक्ष तौर पर बिना फायदे वाली नोटबंदी और परोक्ष तौर पर उससे हुआ नौकरियां का नुकसान, किसानों की जस की तस स्थिति आज भी सरकार के सामने यक्ष प्रश्न है। एक बार फिर 2019 में नए-नवेले और चमचमाते मुद्दों के साथ भाजपा चुनाव में उतर रही है, पर क्या फिर अपनी जादू की छड़ी से सब कुछ बदल देने का सपना भाजपा बेच पाएगी? और आखिर में फिर वही सवाल कि क्या इस बार भी मोदी जादू चलेगा?

संजय दूबे, नई दिल्ली

चीनी सामान का बहिष्कार

आतंकी मसूद अजहर को चीन से मिले जीवनदान को लेकर लोगों में रोष स्वाभाविक है। 20 मार्च को एक बार फिर चीनी सामान का बहिष्कार कर होली जलाई जाएगी। चीनी सामान को लेकर पहले भी देश में होली जलाई गई थी, लेकिन मामला ठंडा होते ही पुनः सब उसी ढर्रे पर चलने लगते हैं। चीन हमारी यह कमजोरी अच्छी तरह से समझता है। अब हमें पक्के मन से चीनी सामान चाहे वह हमें मुफ्त में ही क्यों न मिले तो भी नहीं खरीदने का संकल्प लेना होगा। जब तक चीन पूरी तरह से आतंक के मामले में पाक को हर दृष्टि से मदद देना बंद नहीं करता तब तक उसके सामान का बहिष्कार करना उचित कदम है।

hemahariupadhyay@gmail.com

इस स्तंभ में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

अपने पत्र इस पते पर भेजें :
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : mailbox@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व.नरेन्द्र मोहन. संपादकीय निदेशक-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग,रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण) -विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 23359961-62, नोएडा कार्यालय : 0120-3915800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त।

जनसत्ता

सौहार्द का गलियारा

भारत-पाक रिश्तों में कड़वाहट की बड़ी वजह राजनीतिक है। खासकर कश्मीर और आतंकवाद के मसले पर दोनों में तालमेल नहीं बैठ पाता, जिसके चलते रह-रह कर दोनों के बीच तल्खी बढ़ जाती है। मगर लंबे समय से वकालत की जाती रही है कि दोनों देशों के आम लोगों के आपस में मिलने-जुलने में कोई बाधा पैदा नहीं आनी चाहिए। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय इसी मंशा से सड़क और रेल मार्ग खोल कर लोगों के आने-जाने की सुविधा प्रदान की गई थी। वाजपेयी सरकार का कहना था कि अगर दोनों देशों के लोग आपस में मिले-जुलेंगे, एक-दूसरे के यहां की स्थितियों को समझेंगे, तो उनके मन की कड़वाहट कम होगी। इसी सिलसिले में सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया गया था। पर आतंकी घटनाओं के चलते राजनयिक कदम के तहत इन गतिविधियों में रुकावट आती रही। आम लोगों के बीच भी आवाजाही, मिलने-जुलने का अपेक्षित सिलसिला नहीं बन पाया। ऐसे में करतारपुर साहिब गुरुद्वारे तक भारतीय लोगों के आने-जाने का रास्ता खोलने की पहल सकारात्मक कही जा सकती है। इस मसले पर दोनों देशों के आला अधिकारियों की बातचीत का सिलसिला चल पड़ा है। शुरुआती चरण में ही पाकिस्तान ने इस पर सकारात्मक रुख दिखाया है। कुछ तकनीकी पहलुओं को छोड़ दें, तो अब श्रद्धालुओं के करतारपुर साहिब जाने में आने वाली दिक्कतें लगभग दूर हो गई हैं।

करतारपुर साहिब गुरुद्वारे तक जाने के लिए सिख संप्रदाय के लोगों को कड़ी वीजा प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जबकि यह गुरुद्वारा भारतीय पंजाब की सरहद से सटा हुआ है। वहां पैदल भी जाया जा सकता है। मगर वीजा प्रक्रिया जटिल होने की वजह से बहुत सारे लोग वहां जा नहीं पाते। सरहद पर लगी दूरबीनों के जरिए ही दर्शन करके संतोष पा लेते हैं। इसलिए लंबे समय से मांग की जा रही थी कि करतारपुर साहिब गलियारे को वीजामुक्त किया जाए। पाकिस्तान सरकार इस पर राजी हो गई है। हालांकि भारत की तरफ से मांग की जा रही है कि गलियारा सातों दिन खुला रखा जाए, वहां जाने के लिए किसी प्रकार का वीजा न मांगा जाए। इसे लेकर पाकिस्तान की तरफ से कुछ हिचक है, पर इसके दूर होने की उम्मीद की जा सकती है। दरअसल, दोनों देशों के बीच जिस तरह के तनाव भरे रिश्ते हैं, उसमें श्रद्धालुओं की आड़ में शरारती तत्त्वों के घुसपैठ करने की आशंका बनी रह सकती है। यह स्थिति दोनों देशों के लिए खतरनाक साबित होगी। ऐसे में एहतियाती उपायों का ध्यान रखना ही पड़ेगा। इस यात्रा को निर्विघ्न बना देना फिलहाल संभव नहीं होगा।

इन दिनों दोनों देशों के बीच जैसे संबंध चल रहे हैं, उसमें करतारपुर साहिब को लेकर शुरू हुई सकारात्मक पहल के शुरुआती चरण में ही बहुत सारी शर्तें थोप देना और गुरुद्वारे की जमीन आदि पर कब्जे जैसे मुद्दों को लेकर जिद ठान लेना बाधा साबित हो सकता है। ऐसे मसलों में एक बार शुरुआत हो जाए, तो फिर बाकी पहलुओं पर धीरे-धीरे बातचीत के जरिए समाधान के लिए आगे बढ़ा जा सकता है। इसमें अहम मुद्दा फिलहाल यह होना चाहिए कि दोनों देश करतारपुर साहिब गलियारे को खुला रखने संबंधी शर्त पर दृढ़ता दिखाएं। कई बार देखा गया है कि ऐसे मसलों पर समझौता हो तो जाता है, पर किन्हीं तनातनी के क्षणों में उस पर अमल रोक दिया जाता है। इससे आपसी सौहार्द संबंधी पहल बेमानी साबित हो जाती है।

राहत और सवाल

सुप्रीम कोर्ट ने क्रिकेटर शांताकुमारन श्रीसंत पर से आजीवन प्रतिबंध हटा कर उन्हें एक बड़ी राहत दे दी है। इस खिलाड़ी पर यह प्रतिबंध भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने लगाया था। श्रीसंत के लिए सबसे सुखद बात तो यही है कि 'आजीवन प्रतिबंध' की सजा से वे अब मुक्त हो गए हैं। इससे उनके क्रिकेट करिअर में बंद दरवाजे खुलने की उम्मीद बंधी है। सर्वोच्च अदालत ने बीसीसीआइ से कहा है कि वह तीन महीने के भीतर श्रीसंत की सजा के बारे में फिर से विचार करे। अदालत ने यह साफ कर दिया है कि बीसीसीआइ को अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार है, इसलिए बोर्ड अब नए सिरे से श्रीसंत की सजा के बारे में फैसला करेगा। श्रीसंत पर से आजीवन प्रतिबंध हटा है, लेकिन सजा का मुद्दा खत्म नहीं हुआ है। अब यह देखने वाली बात है कि बीसीसीआइ श्रीसंत की सजा पर क्या रुख अपनाता है। क्रिकेट बोर्ड अब श्रीसंत को कितनी सजा देता है, या नहीं देता है या और कुछ फैसला करता है, यह इसलिए महत्त्वपूर्ण होगा कि इसी से क्रिकेट में श्रीसंत का भविष्य तय होगा।

श्रीसंत 2013 के आइपीएल में स्पॉट फिक्सिंग में फंस गए थे। 16 मई, 2013 को दिल्ली पुलिस ने उन्हें और उनके दो साथियों अंकित चव्हाण और अजीत चंदीला को गिरफ्तार किया था और मैच फिक्सिंग और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून (मकोका) के तहत मामला दर्ज किया था। इसी बीच बीसीसीआइ ने तीनों खिलाड़ियों पर जिंदगी भर के लिए क्रिकेट खेलने पर पाबंदी लगा दी। लेकिन दो साल बाद यानी 2015 में तीनों को ही सुनवाई अदालत ने आरोपमुक्त करार दे दिया। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिस तीनों के खिलाफ कोई सबूत नहीं जुटा पाई। श्रीसंत भी अपने को निर्दोष बताते रहे और दावा करते रहे कि पुलिस ने उनसे जबर्दस्ती दस्तखत करवाए। बाद में दिल्ली पुलिस ने अदालत के फैसले को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी। यह मामला अभी चल रहा है। इसी दौरान आजीवन प्रतिबंध को लेकर श्रीसंत ने केरल हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वहां हुआ यह कि एक एकल पीठ ने प्रतिबंध हटाया, लेकिन दूसरे पीठ ने उसी के फैसले को पलट दिया।

श्रीसंत का मामला अब भी एक अदालत से दूसरी अदालत, बोर्ड और पुलिस के बीच उलझा हुआ है। मैच फिक्सिंग मामले में फैसला दिल्ली हाई कोर्ट से आना है। इसके बाद भी संबंधित पक्षों के लिए ऊपरी अदालत के रास्ते खुले रहेंगे। जाहिर है, मामला कानूनी जाल और दांवपेंचों में इस कदर फंसा है कि श्रीसंत की मैदान पर वापसी आसान नहीं लगती। बीसीसीआइ की प्रशासकों की समिति को इस बारे में अंतिम फैसला लेना है। सुप्रीम कोर्ट से श्रीसंत को भले राहत मिल गई हो, लेकिन एक खिलाड़ी के रूप में उनका जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई नहीं हो सकती। पुलिस ने जिस आनन-फानन में कदम बढ़ाए और सबूत जुटाने में नाकाम रही, उससे उसकी कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठते हैं। हालांकि इसमें कोई दोराय नहीं कि जांच एजेंसियों और पुलिस के लिए ऐसे मामलों को तार्किक अंजाम तक पहुंचाना आसान नहीं होता। एक समय अजहरुद्दीन भी ऐसे ही फिक्सिंग मामले में फंसे थे लेकिन लंबी कानूनी लड़ाई के बाद निर्दोष साबित हुए, लेकिन एक क्रिकेटर के रूप में उनका करिअर चौपट हो गया। ऐसे कई उदाहरण हैं जिनमें लंबी कानूनी प्रक्रिया में फंस कर खिलाड़ियों का करिअर खत्म हो गया। ऐसे मामलों में बोर्ड ही अगर तर्कसंगत नजरिया अपनाए तो देश अच्छे खिलाड़ियों से वंचित नहीं होगा।

कल्पमेधा

धर्म राष्ट्र से ऊपर नहीं है। किसी भी धर्म या व्यक्ति को राष्ट्र की अस्मिता से खेलने नहीं दिया जाना चाहिए।

–एपीजे अब्दुल कलाम

ताबूत बनते मिग

योगेश कुमार गोयल

> रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि सही मायनों में मिग विमानों को 1990 के दशक में ही सैन्य उपयोग से बाहर कर दिया जाना चाहिए था। हर लड़ाकू विमान की एक उम्र होती है और मिग विमानों की उम्र करीब बीस साल पहले ही पूरी हो चुकी है, लेकिन हम इन्हें अपग्रेड कर इनकी उम्र बढ़ाने की कोशिश करते रहे हैं और तमाम ऐसी कोशिशों के बावजूद इनकी कार्यप्रणाली प्रायः धोखा देती रही है, जिसका नतीजा दुर्घटनाओं के रूप में सामने आता रहा है।

पिछले दिनों पाकिस्तानी लड़ाकू विमान एफ-16 को मार गिराए जाने के बाद मिग-21 के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने और फिर आठ मार्च को राजस्थान के बीकानेर जिले में एक और मिग-21 के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद भारतीय वायुसेना के बेड़े में शामिल मिग विमानों को लेकर फिर से सवाल खड़े होने लगे हैं। करीब पांच दशक पुराने इन मिग विमानों को बदलने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है। लेकिन वायुसेना के बेड़े में दूसरे लड़ाकू विमानों की कमी की वजह से मिग की सेवाएं लेते रहना वायुसेना की मजबूरी रही है। हालांकि वायुसेना द्वारा अब तर्क दिया जा रहा है कि वायुसेना को अत्याधुनिक रफाल विमान मिलने के बाद वह धीरे-धीरे मिग विमानों को युद्धक भूमिका से हटाएगी। पहले चरण में 2022 तक मिग-21 विमान हटाए जाएंगे और 2030 तक मिग-27 और मिग-29 विमानों को भी हटाया जाएगा।

सवाल यह है कि क्या ऐसे में 2030 तक मिग विमान इसी प्रकार दुर्घटना के शिकार होते रहेंगे और हम जांबाज लड़ाकू पायलटों को खोते रहेंगे? इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि जहां एक लड़ाकू विमान पर अरबों रुपए की लागत आती है, वहीं वायुसेना के लड़ाकू विमान चालकों को प्रशिक्षण देने पर भी भारी धनराशि खर्च होती है। ऐसे में स्पष्ट है कि एक लड़ाकू विमान और एक विमान चालक को खो देने से देश को कितना नुकसान झेलना पड़ता है। जब से मिग भारतीय बेड़े में शामिल हुए हैं, तब से अभी तक कई विमान और लड़ाकू पायलटों को हम गंवा चुके हैं। निरंतर होते ऐसे हादसों का सीधा असर वायुसेना की युद्धक क्षमता और उसके मनोबल पर पड़ता है।

आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय वायुसेना को 1964 में पहला सुपरसोनिक मिग-21 विमान मिला था। भारत ने रूस से 872 मिग विमान खरीदे थे, जिनमें से अधिकांश दुर्घटनाग्रस्त हो चुके हैं और दो सौ के करीब प्रशिक्षित लड़ाकू पायलट खो चुके हैं। 1971 से 2012 के बीच चार सौ बयासी मिग विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए। यानी सालाना औसतन बारह मिग दुर्घटना के शिकार हुए। सरकार द्वारा दिए गए आंकड़ों के अनुसार इस अवधि के दौरान इन दुर्घटनाओं में एक सौ इकहत्तर लड़ाकू पायलटों, उनतालीस आम नागरिकों, आठ सैन्यकर्मियों और विमान चालक दल के एक सदस्य की मौत हुई। हालांकि वायुसेना के पास अब जो मिग विमान हैं, उन्हें तकनीकी रूप से उन्नत किया जा चुका है, फिर भी ऐसे हादसे थम नहीं रहे हैं। केंद्र सरकार ने मार्च 2016 में संसद को बताया था कि वर्ष 2012 से 2016 के बीच भारतीय वायुसेना के कुल अट्ठाईस विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए, जिनमें आठ मिग-21 विमान थे और इनमें से भी 6 मिग-21 विमान ऐसे थे, जिन्हें उन्नत कर 'मिग-21 बायसन' का दर्जा दिया गया था। कुछ समय पहले तक वायुसेना के पास करीब एक सौ बीस मिग 21 विमान थे, जिनमें से अधिकांश दुर्घटनाग्रस्त हो गए। फिलहाल केवल चालीस-पैंतालीस मिग-21 ही बचे हैं। रूस में निर्मित इन विमानों के निरंतर दुर्घटनाग्रस्त होते जाने का प्रमुख कारण यही बताया जाता रहा है कि ये विमान रूस की पुरानी तकनीक से निर्मित हैं और अब इनके असली पुर्जे नहीं मिल पाते।

यह बात सही है कि मिग विमानों ने 1971 के भारत-पाक युद्ध और उसके बाद 1999 के करगिल युद्ध सहित कई मौकों पर महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लेकिन ये विमान अब इतने पुराने हो चुके हैं कि कई बार तो सामान्य उड़ान के दौरान ही दुर्घटनाग्रस्त हो गए। पिछले कुछ ही वर्षों में मिग विमानों की इतनी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं कि अब इन्हें वायुसेना में ही 'फ्लाइंग कॉफिन' यानी 'हवा में उड़ने वाला ताबूत' कहा जाने लगा है। रूस 1985 में ही मिग-21 का उत्पादन बंद कर चुका था और उसके बाद से जब भी मिग दुर्घटनाग्रस्त हुए हैं, हर बार आरोप लगे हैं कि इन विमानों में कई ऐसे पुर्जे हैं, जो खराब हैं और दुर्घटना का कारण बनते हैं।

करीब एक दशक पहले मिग विमानों को बायसन मानकों के अनुरूप उन्नत बनाने का काम शुरू हुआ था और इनमें राडार, दिशासूचक क्षमता इत्यादि बेहतर की गई। इसके बावजूद हकीकत यही है कि इन विमानों की उम्र बहुत पहले ही पूरी हो चुकी है।

मिग विमानों की दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण इनमें पुराने पड़ चुके कलपुर्जे, एअर-फ्रेम और सिस्टम की खराबी को माना जाता रहा है। दरअसल युद्धक कार्यों में इस्तेमाल की जाने वाली किसी भी मशीनरी को समय-समय पर मरम्मत और अद्यतन करने के साथ-साथ खराब घोषित करने की आवश्यकता भी होती है, लेकिन लड़ाकू विमानों की कमी के चलते खस्ताहाल मिग विमानों को ढोते रहना भारतीय वायुसेना की मजबूरी हो गई है।

अगर इनकी विशेषताओं की बात करें तो अधिकतम 2230 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार वाले इस विमान में हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें ले जाई जा सकती हैं और यह करीब दो हजार किलो तक गोला-बारूद ले जाने में भी सक्षम है। इससे दुश्मन पर रासायनिक और क्लस्टर बम भी बरसाये जा सकते हैं। इसके कॉकपिट से 420 राउंड गोलियां बरसाने का भी इंतजाम है। इसके बावजूद हकीकत यही है कि आज की पीढ़ी के विमानों के समक्ष मिग कहीं नहीं ठहरते, क्योंकि मिग करीब चार-पांच दशक पुरानी रक्षा जरूरतों के हिसाब से बनाए गए थे। रक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि सही मायनों में मिग विमानों को 1990 के दशक में ही सैन्य उपयोग से बाहर कर दिया जाना चाहिए था। हर लड़ाकू विमान की एक उम्र होती है और मिग विमानों की उम्र करीब बीस साल पहले ही पूरी हो चुकी है, लेकिन हम इन्हें अपग्रेड कर इनकी उम्र बढ़ाने की कोशिश करते रहे हैं और तमाम ऐसी कोशिशों के बावजूद इनकी कार्यप्रणाली प्रायः धोखा देती रही है, जिसका नतीजा दुर्घटनाओं के रूप में सामने आता रहा है। रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार भारत संभवतः आखिरी ऐसा देश है, जो आज भी मिग-21 का इस्तेमाल करता है।

युद्धक भूमिका में मिग विमानों की बात छोड़ भी दें तो हालत यह है कि ये विमान अब सामान्य उड़ानों के दौरान भी हादसों के शिकार हो रहे हैं। जहां तक रफाल विमानों की बात है तो इन्हें लेकर कुछ रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि चूंकि ये बेहद उच्चस्तरीय, जटिल और परिष्कृत किस्म के विमान हैं, जबकि युद्धक मोर्चे पर छोटे, हल्के व सस्ते लड़ाकू विमानों की ज्यादा जरूरत होती है। ऐसे में रफाल मिग विमानों की जगह नहीं ले सकते। हालांकि सबसे मारक माने जाने वाले रूसी 'सुखोई-30' विमान, पाकिस्तान के बालाकोट में तबाही मचा चुके फ्रांसीसी 'मिराज-2000' विमान और ब्रिटिश 'जगुआर' विमान भारतीय वायुसेना की ताकत हैं। लेकिन इस तथ्य को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि हमारी वायुसेना के पास हर प्रकार के लड़ाकू विमानों की जबरदस्त कमी है। समय, परिस्थिति और चुनौती के हिसाब से वायुसेना को अलग-अलग आकार तथा दर्जे के विमानों की जरूरत होती है। संसदीय समिति की एक रिपोर्ट के अनुसार वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों के केवल इकतीस दस्ते ही हैं, जबकि जरूरत बयालीस दस्तों की है और नए विमान आने की रफ्तार काफी धीमी है। ऐसे में अगर मिग विमानों के चौदह दस्ते परिचालन से बाहर हो जाते हैं तो वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों के बहुत कम दस्ते रह जाएंगे। ऐसे में वायुसेना की इन जरूरतों को पूरा किया जाना समय की सबसे बड़ी मांग है।

भाषा के आयाम

रमाशंकर श्रीवास्तव

दुनिया मेरे आगे

आंखों से छलक कर पूरी देह में फैल जाने वाली भाषा देह की भाषा है। यह सवाल जब उठा तो मेरी निगाह ही बदल गई। परिवार का हर आदमी अपनी-अपनी भाषा लिए चहक रहा है। बालक से लेकर बूढ़े तक की अपनी भाषा होती हैं। न कोई राग-द्वेष, न दिखावा या न दूसरों को प्रभावित करने की चेष्टा। भाषा के नाम पर पूरे संसार में जो मारकाट मची है, उसकी प्रकृति भिन्न है। वहां क्षेत्र, धरती, लिंग और काल के झगड़े हैं! कौन किस भाषा का स्वामी है और अपनी भाषा का संस्कार सौंपने के लिए कितने लोग तैयार हैं? ऐसे सवालों में उलझी दुनिया मारकाट पर तुली है।

लेकिन धरती की भाषा और आंखों की भाषा में अंतर है। शायद इसीलिए आंखों की भाषा का अनुवाद करने में हमसे गलती हो जाती हैं। दूसरों की आंखों में झांक कर देखना शुरू किया तो लगा कि नदी के किनारे खड़ा होकर केवल लहरें ही गिन सकूंगा। लहरों के भीतर क्या है, उसे जानने के लिए डूबना पड़ेगा। दो-चार कदम आगे बढ़ना ही पड़ेगा।

कैसी है यह दृष्टि! अब तक दुनिया को इसी से देखता रहा और भ्रम में पड़ा रहा कि इससे आगे दुनिया नहीं। सच्चाई जब सामने आई तो लगा कि जानने के लिए अभी बहुत बाकी है, क्योंकि अब देह और देह में फर्क दिखने लगा। आंख नहीं बदली, लेकिन दृष्टि बदल गई है। लोग वही हैं, दृश्य वही है, मगर वहां उठते और बनते हुए चित्र बदलते जा रहे हैं। एक दौर में बचपन मे मां से कटोरे में दूध मांगा था। देर होने पर रूठ गया था। तब मां की मजबूरी समझ सकने की समझ नहीं थी। लेकिन मां बार-बार मुझे समझाने की कोशिश में थी। आज इतना लंबा अंतराल आकर बैठ गया और लगता है कि इसमें भाषा की परतें अपने-अपने अर्थ में बैठीं मुझसे कुछ कहना चाहती है। आप किसी भी परिवार में जाकर खड़े हो जाइए। वे सभी आपको देख रहे हैं और आप उन्हें। बालक कुछ और कह रहा है, युवक की भाषा में एक चमक और उत्साह है, वहीं वृद्ध की आंखों में पत्थर की भांति कुछ आ जमा है। मां कुछ और कह रही है और बहू की वाणी से अलग स्वाद का रस छलक रहा है।

एक देह कितनी भाषाओं का बोझ संभाले हुए है। तब देह केवल देह थी। खा-पीकर बिस्तर पर करवट फेरने या फिर उत्साह में सड़क या पार्क में दौड़ पड़ने वाली देह थी। आज वही देह जब कुछ देखती है तो थम जाती है। उसका मन ही नहीं भर पाता कि उसने दुनिया पूरी देखी या आधी। हालांकि इसकी परिभाषा बताने वाले पचासों लोग आसपास मौजूद हैं। सभी को इस बात का गुरूर है कि देह से झांकने वाली भाषा को उन्होंने भली-भांति समझ लिया है। बल्कि देह की भाषा पर सैकड़ों ग्रंथ लिख दिए गए। फिर भी लगता रहा कि अभी तो लिखना बहुत बाकी है। भवभूति, कालिदास, तुलसीदास जैसे लोग कवि-महाकवि के रूप में बार-बार चर्चित होते रहे और हमें लगा कि उन पर हमारा चिंतन अभी अधूरा है। यह अधूरापन ही साहित्य की खुराक है।

मैंने हंसते-मुस्कराते एक बालक को भागते हुए देखा। उसके साथ चलने वाली महिला ने मुस्कुरा कर मुझे नमस्कार किया। वे बोलीं कि यह बच्चा जल्दी किसी की बात नहीं सुनता। मैं मुस्कुराया। भीतर... मन में कहीं सवाल उठा कि हम क्यों किसी को देख कर प्रसन्न हो उठते हैं। कुछ ऐसे भी हैं, जिन्हें देखने की इच्छा नहीं होती है। मन आलोचना का अस्त्र लिए खड़ा है। इस व्यक्ति में न उमंग है, न उत्साह है, प्रयोजन हीन बना खड़ा है। क्या बिना प्रयोजन के भी मनुष्य जी सकता है?

हालत यह है कि आज हंसने-मुस्कुराने के अवसर खोजे जा रहे हैं। जबकि कभी समय था कि ऐसे अवसरों की तलाश करने की जरूरत नहीं पड़ती थी। हंसी-ठहाके अपने आप ही पैदा हो जाते थे। आज हंसी के शिविर में हंसने का प्रशिक्षण दिया जाता है। प्रशिक्षण से पैदा हंसी क्या मौलिक उल्लास की प्रतीक बन सकती है?

आप याद कर सकते हैं कि कभी किसी की प्रसन्नता ने आपको छुआ हो। दूसरों की खुशी छूकर देखिए। हम चकित हो उठते हैं। कई बार हम हंसते-हंसते लोट-पोट हो गए। इसलिए कि खुशी बांटनी चाहिए। देह की भाषा अनंत सुख-दुख को प्रकट कर देती है। पता नहीं चलता कि हमारा सुख-दुख कब किस अवसर पर छलक जाए। देह की भाषा अत्यंत रहस्यमयी है। उसकी प्रतिक्रिया आप भले छिपा लें, लेकिन आपकी नजरें इसे नहीं छिपा पातीं। इसीलिए हम किसी मित्र के चेहरे को देख पूछ पड़ते हैं- 'आज तो बड़े प्रसन्न लग रहे हो... क्या बात है!' मित्र की मुस्कान में सारे उत्तर समाए होते हैं। आंखों की खुशी छिपती नहीं। कहीं न कहीं से झांकने लगती है।

मंदिर का रास्ता

अयोध्या जमीन विवाद को लेकर सर्वोच्च न्यायालय ने मध्यस्थता का रास्ता अपनाया है, जो एक प्रकार से उचित फैसला है। अदालत का मानना है कि सभी पक्षों की आपसी सहमति से ही राम मंदिर विवाद का हल निकाला जा सकता है और इससे समाज के किसी भी वर्ग को कोई परेशानी होने की संभावनाएं बहुत कम है और यह सही निर्णय है। साथ ही अब लोकसभा चुनाव में कोई भी राजनीतिक दल इस मुद्दे पर राजनीति कर वोट नहीं बटोर पाएगा। चूंकि विषय कानूनी प्रक्रिया के साथ-साथ आस्था और विश्वास का है, तो मध्यस्थ टीम को चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उम्मीद है कि इस बार मध्यथ टीम सर्वोच्च न्यायालय के दिये हुए कार्य को सफलतापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से करने में समर्थ रहेंगे और कोई सकारात्मक समाधान सौपेंगे।

● *शुभम गुप्ता, धनबाद*

सोच-समझ कर दें वोट

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तिथियां घोषित करते ही देश में लोकतंत्र के महापर्व का आगाज हो गया हैं। इस महापर्व में देश के आमजन को पूर्ण समझदारी व जिम्मेदारी से मतदान करना होगा। देश का भविष्य तय करने के लिए मतदाता सोच-विचार कर अपना मतदान करें, ऐसा प्रतिनिधि चुनें जो वाकई विकास के लिए कार्य करने वाला हो। भारत 1947 में आजाद हुआ था। 1952 से आम चुनाव हो रहे हैं। परंतु आज भी अधिकांश जनता बिजली, पानी की समस्याओं से जूझ रही है। मूलभूत सुविधाओं की कमी दूर किए जाने के साथ साथ अच्छी शिक्षा और तकनीक पर भी विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान में भारतीय लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक है कि समाज में महिलाएं सशक्त बनें। युवाओं को काम की कमी न हो। रोजगारों का सृजन हो एवं देश के प्रत्येक युवा को नौकरी मिले। किसानों को फसलों के उचित दाम मिले। अपराध व भ्रष्टाचार समाप्त हो।

चुनावों के दौरान राजनीतिक दल सत्ता हासिल करने के लिए मतदाताओं को ख्वाब दिखाते हैं। गरीब, किसान, मजदूर से बड़े-बड़े वादे किए जाते है। चुनावों के बाद ऐसे वादों को भुला दिया जाता है। ऐसे में मतदाता अपने को ठगा महसूस करता है। राजनीतिक दल घोषणापत्रों में वहीं वादें करें जिन्हें वे समय पर पूरा कर सकते हो।

● *राजेंद्र कुमावत, जयपुर*

आवश्यकता पड़ जाने पर हम अपने आप को भारतीय कैसे साबित कर पाएंगे! कुछ दिन पहले लखनऊ में जिस तरह से दो कश्मीरी नौजवानों को पीटा गया, वह अपने आप में एक शर्मनाक और निंदनीय कृत्य था। बर्बरता की हद तो तब पार हो गई जब इन्हें फुटपाथ से उठा कर मारा ही नहीं गया, हल्कि इन्हें आतंकवादी और कश्मीरी कहा गया। चिंता का विषय तो यह कि क्या अब देश के किसी भी व्यक्ति को भारतीय होने का प्रमाणपत्र दिखाने के लिए गले में टांग कर चलना होगा?

● *राजकुमार पांडेय, रायपुर*



किसी भी मुद्दे या लेख पर अपनी राय हमें भेजें। हमारा पता है : ए-8, सेक्टर-7, नोएडा 201301, जिला : गौतमबुद्धनगर, उत्तर प्रदेश

आप चाहें तो अपनी बात ईमेल के जरिए भी हम तक पहुंचा सकते हैं। आइडी है : chaupal.jansatta@expressindia.com

पर्यावरण की उपेक्षा

राजधानी दिल्ली अब उस स्थिति में पहुंच गई है जब लोगों के लिए स्वच्छ हवा में सांस लेना किसी सपने से कम नहीं है। वायु प्रदूषण की हालत यह है कि विश्व के बीस सबसे प्रदूषित शहरों में से पंद्रह शहर भारत के हैं। इससे अंदाजा लगायाजा सकता है कि हम कितनी जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं। लेकिन इतना सब होने के बावजूद चुनावों से पर्यावरण को बचाने का मुद्दा गायब है। हैरानी की बात तो यह है कोई इस पर ध्यान देना भी नहीं चाहता। जो हाल हमने अपने पर्यावरण का किया है उसको ठीक करने का दायित्व भी हमारा ही है। अगर यह हाल 2019 में है तो आने वाले दस-बीस साल में क्या हाल होगा? यह बात अंदर ही अंदर चिंतित करती है। क्यों आज हम पर्यावरण को दूषित करने पर तुले हुए हैं? इसकी जिम्मेदारी सबकी है। ग्लेशियर पिघलते जा रहें हैं, समुद्र का तापमान बढ़ाता जा रहा है, पृथ्वी गर्म होती जा रही है, स्वच्छ हवा-पानी बचा नहीं। अगर यही स्थिति बनी रही तो आने वाले वर्षों में मानव जीवन को इसका भारी नुक्सान उठाना पड़ेगा। हम सबको पर्यावरण के प्रति जागरूक होना पड़ेगा, तभी हम आने वाली पीढ़ी को बचा पाएंगे और उसे स्वच्छ जीवन दे पाएंगे।

● *आशीष, दिल्ली विवि*

ऐसा नारी सम्मान!

विगत आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। नारियों के सम्मान में इस दिन कई कार्यक्रम आयोजित किए गए और महिलाओं के अधिकार और सम्मान का बखान किया गया। यकीनन आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं हैं, लेकिन आज भी महिलाओं के साथ भेदभाव ही किया जाता रहा है। पिछले दिनों बीसीसीआइ ने 2018-19 के लिए खिलाड़ियों का वार्षिक अनुबंध घोषित किया जिसमें तीन पुरुष खिलाड़ियों को ए प्लस ग्रेड में रखा गया जिन्हें सात करोड़ की राशि दी जाएगी। वहीं महिला क्रिकेट टीम को भी अनुबंध दिया गया है जिसमें पूरी महिला टीम को मिलने वाली राशि पुरुषों के ए ग्रेड के एक खिलाड़ी को मिलने वाली राशि से भी कम है। ये हैरत वाली बात है। क्या ऐसे भेदभावपूर्ण रवैये से महिलाओं की स्थिति में सुधार हो सकता है? क्या यही नारियों का सम्मान है? माहिला दिवस तभी सार्थक होगा जब महिलाओं को उचित अधिकार और सम्मान मिले, जिसकी वह हकदार हैं।

● *जफर अहमद, मधेपुरा*

स्वास्थ्य सेवा की बेहतरी

बीते दो दशकों में स्वास्थ्य के मोर्चे पर बड़ी उपलब्धियों के बाद भी भारत उन विकासशील देशों में शुमार है, जो स्वास्थ्य सेवा पर बहुत कम खर्च करते हैं. केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा इस मद में कुल घरेलू उत्पादन का 1.13 फीसदी हिस्सा ही लगाया जाता है. इस कारण स्वास्थ्य सेवा पाने के लिए 62 फीसदी खर्च लोगों की जेब से आता है. सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों की कमी और कुप्रबंधन के चलते निजी क्षेत्र के डॉक्टरों और अस्पतालों के मनमाने हिसाब से रोगियों को इलाज के लिए मजबूर होना पड़ता है. देश में 95 फीसदी से अधिक चिकित्सा सुविधा केंद्र ऐसे हैं, जहां कार्यरत लोगों की संख्या पांच से कम है. दूर-दराज और देहात को छोड़ दें, शहरी इलाकों में भी सरकारी अस्पताल बदहाली और लापरवाही के चंगुल में हैं. पांच सरकारी स्तर पर और निजी बीमा कंपनियों की अनेक उपचार योजनाएं भी चलती रही हैं, पर इनमें समुचित सामंजस्य न होने से सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने में समस्याओं का सामना भी करना पड़ता है. कुछ समय पहले तक आबादी के बहुत बड़े हिस्से को बीमा सुरक्षा भी मयस्सर नहीं थी. इलाज के बोझ से सालाना करीब पांच करोड़ लोगों के गरीबी रेखा से नीचे चले जाने का भयावह आंकड़ा भी हमारे सामने है. गरीबी और कम आमदनी से जूझती जनसंख्या के लिए यह स्थिति अभिशाप ही है. इसे बेहतर करने के लिए, पिछले चार सालों में केंद्र सरकार ने योजनाओं और कार्यक्रमों का ऐसा सिलसिला चलाया है, जिससे स्वास्थ्य सेवा की समूची व्यवस्था को समेकित रूप से सक्षम बनाया जा सके. नीति आयोग के तीन वर्ष के एजेंडा कार्यक्रम के मुताबिक सरकारी नेतृत्व में स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार तथा निजी क्षेत्र के साथ मिल कर इसके विस्तार के प्रयास अच्छे परिणाम देने लगे हैं. आयुष्मान भारत के नाम से प्रचलित प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना नीतिगत पहल का प्रमुख चरण है. इसके तहत डेढ़ लाख स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना कर सेवाओं को देश के हर कोने तक ले जाना है ताकि बीमारियों का इलाज समय रहते हो जाए. इसका दूसरा आयाम बीमा के माध्यम से उपचार के बड़े खर्चों के बोझ से गरीब और कम आमदनी के लोगों को छुटकारा दिलाना जाए. इस योजना के दायरे में लगभग दस करोड़ परिवारों को लाया गया है और उन्हें सैकड़ों बीमारियों के इलाज के आर्थिक भार की चिंता से मुक्त किया गया है. राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण स्थापित किया जाना इसी कड़ी में एक अहम कदम है. मिशन इंद्रधनुष के तहत टीकाकरण में तेजी, आयुष पर ध्यान, पोषण कार्यक्रम, स्वच्छ भारत अभियान, ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास भी स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने की नीति के अंग हैं. ठोस स्वास्थ्य प्रणाली बनाने और हर व्यक्ति तक उसे पहुंचाने में अभी काफी वक्त लग सकता है, पर एक समेकित नीतिगत और व्यावहारिक पहल इस दिशा में हो चुकी है. निवेश, निर्देश और नेतृत्व से स्वस्थ भारत के लक्ष्य को पाने की आशा अब बलवती हो चली है.

> ठोस स्वास्थ्य प्रणाली बनाने और हर व्यक्ति तक उसे पहुंचाने में अभी वक्त लगेगा, पर समेकित नीतिगत और व्यावहारिक पहल इस दिशा में हो चुकी है.

और अब श्वेत आतंकवाद का उभार

आशुतोष चतुर्वेदी
प्रधान संपादक, प्रभात खबर
ashutosh.chaturvedi
@prabhatkhabar.in mail

न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में दो मस्जिदों पर अंधाधुंध गोलीबारी कर 50 लोगों की जान लेने की घटना ने पूरी दुनिया को स्तब्ध कर दिया है. मौत का खेल खेलने वाले श्वेत आतंकवादी ब्रेंटन टैरंट को जब कोर्ट में पेश किया गया और हत्या के आरोप तय किये गये, तो वह कोर्ट में खड़ा मुस्कुरा रहा था. उसे किसी तरह का पछतावा नहीं था. 28 वर्षीय आतंकी ब्रेंटन टैरंट ऑस्ट्रेलिया का रहने वाला है और उसने न्यूजीलैंड में इस घटना को अंजाम दिया. आतंकवादी ने महिलाओं और बच्चों को भी नहीं बख्शा. हमले में 39 लोग गंभीर रूप से घायल हो हुए हैं. इनमें से कई की हालत नाजुक है. इस हमले में बांग्लादेश की क्रिकेट टीम बाल बाल बच गयी. भारत भी इस हमले से प्रभावित हुआ है. इस आतंकवादी हमले में छह भारतीयों की मौत हो गयी है. मरने वालों में चार गुजरात के और दो हैदराबाद के हैं. हैदराबाद का एक अन्य शख्स घायल है और अस्पताल में भर्ती है. यह गंभीर चिंता का विषय है कि कई पश्चिमी मीडिया संस्थान गोरे को आतंकवादी न कह कर हमलावर बता रहे हैं. यह पश्चिमी मीडिया का घटनाओं को नस्लवादी नजरिये से देखने का नतीजा है, जबकि न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने स्पष्ट रूप से इसे आतंकवादी हमला करार दिया था. साथ ही इसे न्यूजीलैंड के इतिहास का सबसे काला दिन बताया था.

यह हमला जुमे की नमाज के दौरान किया गया. उस दिन मस्जिद में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहते हैं. आतंकवादी अति दक्षिणपंथी विचारधारा से प्रभावित है और इस हमले को श्वेत राष्ट्रवाद के खतरे के उभार रूप में देखा जा रहा है. दरअसल, दुनियाभर में अब नस्ली मानसिकता तेजी से पांव पसार रही है. आतंकवादी ब्रेंटन टैरंट पर श्वेत वर्चस्व कायम करने की सनक सवार थी. राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले की कड़ी निंदा की, लेकिन कहा कि न्यूजीलैंड की मस्जिदों में नरसंहार नहीं दर्शाता कि विश्व में श्वेत अतिवाद एक बढ़ती समस्या है. हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि दुनिया में एक छोटा समूह है, जो श्वेत अतिवाद का पक्षधर है. टैरंट ने इस आतंकवादी हमले के पहले एक घोषणापत्र तैयार किया, जिसमें उसने यूरोपीय नागरिकों की आतंकवादी हमलों में गयी जान का बदला लेने के साथ-साथ श्वेत वर्चस्व को कायम करने के लिए अप्रवासियों को बाहर निकालने की बात की है. आतंकी ने अपना एक घोषणापत्र 'दि ग्रेट रिप्लेसमेंट' तैयार किया, जिसमें उसने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को श्वेत पहचान का प्रतीक बताया है. आतंकवादी ने लिखा है कि आक्रमणकारियों को दिखाना है कि हमारी जमीन कभी उनकी जमीन नहीं होगी. वे कभी हमारे लोगों का स्थान नहीं ले पायेंगे. श्वेत आतंकवादी ने लिखा है कि यूरोपीय लोगों की संख्या कम हो रही है. साथ ही वे बूढ़े और कमजोर होते जा रहे हैं. उसका कहना है कि हमारी प्रजनन दर कम है, लेकिन बाहर से आये अप्रवासियों की प्रजनन दर ज्यादा है. लिहाजा एक दिन ये लोग श्वेतों से उनकी जमीन छीन लेंगे.

यह चिंताजनक है कि पश्चिमी देशों में नस्ली आधार पर संदेह करने और विशेष समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं. इस तरह की छिटपुट घटनाएं अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में होती रही हैं, लेकिन इस तरह का नरसंहार पहली बार देखने में आया है. पश्चिमी देशों में अब शरणार्थी और प्रवासी विरोधी हिंसा के मामले भी बढ़ रहे हैं. उदारवादी माने जाने वाले देशों में भी अब विदेशी लोगों को नापसंद किये जाने की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है. पश्चिमी देशों में अतिवादियों का हाल के उभार के लिए वहां के कुछ राजनीतिक दलों को दोषी ठहराया जा रहा है. यूरोप में कई कट्टर दक्षिणपंथी दलों ने अप्रवासी विरोधी और विशेष रूप से मुस्लिम विरोधी रुख को प्रचारित और प्रसारित किया है. ये दल बहुसंस्कृतिवाद को राष्ट्रीय पहचान के खतरे के रूप में देखते हैं. इनमें से कुछ दल हिंसक तौर तरीकों से श्वेत वर्चस्व कायम करने के पक्षधर हैं. भारत हमेशा से धार्मिक समरसता और विविधता में एकता की मिसाल रहा है, लेकिन दुर्भाग्य है कि देश में असहिष्णुता की कुछेक घटनाएं सामने आयी हैं, जो चिंताजनक हैं. समरसता भारत की बहुत बड़ी पूंजी है और यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि इसे बचा कर रखें.

विशेषज्ञ मानते हैं कि इस तरह के हमलों का एक कारण आर्थिक अनिश्चितता भी है. आर्थिक दुश्वारियों ने भी विभिन्न समुदायों के रिश्तों में तनाव पैदा किया है. आम तौर पर देखा गया है कि आर्थिक स्थिति अच्छी रहती है, तो इस तरह की घटनाएं कम होती हैं, लेकिन ब्रेक्जिट के बाद यूरोपीय देशों की अर्थव्यवस्था में अनिश्चितता का दौर चल रहा है. न्यूजीलैंड हमले के बाद दुनियाभर से कड़ी प्रतिक्रियाएं सामने आयी हैं. ईरान ने पश्चिमी सरकारों पर इस्लामोफोबिया को बढ़ावा देने का लगाया आरोप लगाया है. ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने एक बयान में कहा कि गोलीबारी दर्शाती है कि कुछ पश्चिमी सरकारें इस्लामोफोबिया को बढ़ावा दे रही हैं, जिसका हम सबको मिल कर मुकाबला करने की जरूरत है. इस हमले की एक और खतरनाक बात सामने आयी है. आतंकवादी ब्रेंटन टैरंट ने मस्जिद में घुसने से पहले फेसबुक पर लाइव स्ट्रीमिंग शुरू कर दी थी. सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में आतंकी मस्जिद के अंदर घुस कर लोगों पर गोलियां बरसाते नजर आ रहा है. हमले का यह वीडियो कुछ ही देर में दुनियाभर में वायरल हो गया. यह इस बात का एक उदाहरण है कि सोशल मीडिया का इस्तेमाल कैसे गलत कार्यों के लिए भी किया जा सकता है. यह शायद पहला मौका था, जब आतंकवादी ने फेसबुक के जरिये हमले को लाइव दिखाया. इतने बड़े आतंकवादी हमले की दुनिया ने पहली बार लाइव स्ट्रीमिंग देखी. इस बात को चिंता जतायी जा रही है कि यह घटना भविष्य में कहीं सोशल मीडिया के इस्तेमाल को लेकर गलत चलन न स्थापित कर दे और कहीं ऐसी दिल दहलाने वाली वारदातों को न दिखाया जाने लगे.

आसपास की घटित हो रही इन घटनाओं से आभास होता कि अविश्वास की यह भावना दुनियाभर में कितने गहरे तक पैठ कर चुकी है. अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य पर नजर डालें, तो हम पायेंगे कि पूरी दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है. खास कर मध्य पूर्व के कुछ हिस्सों में धार्मिक विचारधारा के आधार पर भौगोलिक सत्ता कायम करने की कोशिश की जा रही है. हमारा यह सौभाग्य है कि अब तक हम इन सबसे प्रभावित नहीं हुए हैं, लेकिन यह बात भी हम सब लोगों को स्पष्ट होनी चाहिए कि आर्थिक हो या फिर सामाजिक, किसी भी तरह की प्रगति को शांति के बिना हासिल करना नामुमकिन है. इसलिए हमें अपने सामाजिक ताने-बाने को हर कीमत पर बनाये रखना होगा.

> पश्चिमी देशों में नस्ली आधार पर संदेह करने और विशेष समुदायों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ रही हैं. चिंता तब और बढ़ जाती है जब कई पश्चिमी मीडिया संस्थान गोरे को आतंकवादी न कह कर हमलावर बता रहे होते हैं.

मध्य वर्ग पर भी ध्यान दें पार्टियां



डॉ जयंतीलाल भंडारी
अर्थशास्त्री, इंदौर
jlbhandari@gmail.com

इन दिनों आम चुनाव, 2019 के लिए विभिन्न राजनीतिक दल अपने-अपने घोषणा-पत्र तैयार करने में जुट गये हैं. इन घोषणा-पत्रों में विभिन्न वर्गों को लुभाने के लिए चमकीली घोषणाएं शामिल की जायेंगी. ऐसे में विभिन्न राजनीतिक दलों के चुनावी घोषणा-पत्रों में मध्य वर्ग के हितों के लिए भी उपयुक्त घोषणाएं अपेक्षित हैं. निश्चित रूप से इसलिए लग कर बढ़ते हुए भारत के उपभोक्ता बाजार और भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में जिस मध्य वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है, वह विभिन्न सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है. इन चुनौतियों के निराकरण की संभावनाओं वाली घोषणाओं की मध्य वर्ग को इंतजार है.

चूंकि देश का मध्य वर्ग देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में सबसे प्रभावी भूमिका निभा रहा है. अतएव सरकार के किसी भी नये आर्थिक-सामाजिक सहयोग से उसका उत्साह बढ़ेगा. हाल ही में प्रकाशित विश्व प्रसिद्ध कंसल्टेंसी फर्म बीसीजी की रिपोर्ट, 2019 में कहा गया है कि भारत के उपभोक्ता बाजार को दुनिया में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाले बाजार की पहचान दिलाने में मध्य वर्ग की प्रभावी भूमिका है. इसी वर्ग के कारण 2008 में भारत का जो उपभोक्ता बाजार महज 31 लाख करोड़ रुपये का था, 2018 में 110 लाख करोड़ रुपये का हो गया. भारत का उपभोक्ता बाजार 2028 तक तीन गुना बढ़ कर 335 लाख करोड़ रुपये का हो जायेगा. मध्य वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति अर्थव्यवस्था को नयी गति दे रही है. हाल ही में प्रख्यात ग्लोबल कंसल्टेंसी फर्म पीडब्ल्यूसी ने कहा है कि 2019 में भारत ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए क्रय शक्ति के आधार पर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा. निस्संदेह इस समय जब भारत की विकास दर दुनिया में सर्वाधिक 7% से अधिक के स्तर पर है, तो उसमें मध्य वर्ग की अहम भूमिका है. इसी ताकत के बल पर भारत ने 2008 के ग्लोबल वित्तीय संकट से सबसे पहले निजात पायी. 1991 से शुरू हुए आर्थिक सुधारों के बाद देश में मध्य वर्ग के लोगों की संख्या और खरीदी की क्षमता चमकीली ऊंचाई पर पहुंच गयी है और चारों ओर भारतीय मध्य वर्ग का स्वागत हो रहा है. देश में मध्य वर्ग के लोगों की संख्या 30 करोड़ से अधिक है. नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर अप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च की नवीनतम रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्तमान में देश में उच्च मध्यम वर्ग के 17 करोड़ लोग पूरे देश में 46 फीसदी क्रेडिट कार्ड, 49 फीसदी कार, 52 फीसदी एसी तथा 53 फीसदी कंप्यूटर के मालिक हैं.

वैश्विक परिदृश्य के अनुरूप ही भारत में भी मध्य वर्ग की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं. अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ने कहा है कि दुनिया के अधिकांश देशों में मध्यम वर्ग की प्रगति रुक गयी है. उसके जॉब्स कम होने और काम के लिए जरूरी कौशल न होने से आय में असमानता बढ़ी है. 2000 के बाद यूरोपियन यूनियन के दो तिहाई देशों में मध्य वर्ग में शामिल लोगों की संख्या कम होने लगी है. इसी तरह की गिरावट अमेरिका में भी आयी है. खासतौर से 2008 के आर्थिक संकट के बाद विभिन्न देशों में मध्य वर्ग की मुश्किलें तेजी से बढ़ी हैं.

भले मध्य वर्ग के करोड़ों लोगों के चेहरे पर मुस्कुराहट दिखाई दे रही है, पर इस मुस्कुराहट के पीछे महंगाई, सामाजिक सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, रोजगार, कर्ज पर बढ़ते ब्याज जैसी कई सामाजिक और आर्थिक चुनौतियां भी छिपी हुई हैं. निजी क्षेत्र की महंगी शिक्षा को बढ़ावा मिला है. परिणामस्वरूप मध्य वर्ग की स्तरीय शैक्षणिक सुविधाओं संबंधी कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं. मध्य वर्ग दैनिक जीवन में कर संबंधी आर्थिक मुश्किलें भी अनुभव कर रहा है. सामाजिक प्रतिष्ठा और जीवन स्तर के लिए मध्य वर्ग के द्वारा लिए जाने वाले सबसे जरूरी हाउसिंग लोन, ऑटो लोन, कंज्यूमर लोन आदि पर ब्याज दर बढ़ने के परिदृश्य ने उसकी चिंताएं बढ़ा दी हैं. इन सबके अलावा, जो मध्यम वर्ग शताब्दियों से देश के सांस्कृतिक मूल्यों का रक्षक है, अपने परिवार में उपभोक्ता संस्कृति और पश्चिमी संस्कृति के खतरों को नहीं रोक पा रहा है.

इसमें कोई दो मत नहीं है कि विभिन्न दलों के द्वारा तैयार किये जा रहे घोषणा-पत्रों में मध्य वर्ग को लाभान्वित करने वाली ऐसी घोषणाएं जरूरी हैं, जिनके कार्यान्वयन से उसकी आर्थिक-सामाजिक चुनौतियां कम हो सकें, पर ऐसे कई और प्रभावी प्रयासों की जरूरत बनी हुई है. यह स्पष्ट समझाना होगा कि मध्य वर्ग की मौजूदा शैक्षणिक परेशानियों को कोई विदेशी निवेशक और विदेशी संस्थान सरलता से बदल नहीं सकते. अतएव केंद्र सरकार के द्वारा उच्च शिक्षा व्यवस्था में सुधार के एजेंडे को तत्काल आगे बढ़ाना चाहिए. बड़े शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को कारगर बनाया जाना चाहिए, ताकि यातायात पर मध्य वर्ग के बढ़ते हुए व्यय में कमी आ सके. गरीबी रेखा के ऊपर (एपीएल) आने वाले निम्न मध्य वर्ग के परिवारों को भी विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाले लाभ जरूर दिये जाने चाहिए. मध्य वर्ग को लाभान्वित करने के लिए सरकार के द्वारा एक प्रभावी प्रत्यक्ष कर प्रणाली के तहत प्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल और पारदर्शी बनाना होगा. उद्योग-कारोबार के लिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को और सरल करना होगा. निश्चित रूप से नयी सरकार के द्वारा मध्य वर्ग की सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों के निराकरण से वह देश की आर्थिक-सामाजिक तस्वीर को और चमकीला बनाता हुआ दिखाई देगा.

> भले मध्य वर्ग के करोड़ों लोगों के चेहरों पर मुस्कुराहट दिखाई दे रही है, पर इस मुस्कुराहट के पीछे महंगाई, सामाजिक सुरक्षा, बच्चों की शिक्षा, रोजगार, कर्ज पर बढ़ते ब्याज जैसी आर्थिक चुनौतियां भी छिपी हैं.

बोधि वृक्ष

बड़ा कदम

ब्रह्मचर्य कोई महान कदम नहीं है. यह तो बस वैसे ही रहना है, जैसे जीवन है. शादी-विवाह एक बड़ा कदम है- यानी आप कुछ बहुत बड़ा करने का प्रयत्न कर रहे हैं. ब्रह्मचर्य का अर्थ है, आप ने कुछ नहीं किया, अपने जीवन को आप ने वैसे ही घटित होने दिया, जैसे रचनाकार ने आप को बनाया- आप इसमें से कुछ और नहीं बनाते. तो इसमें कोई कदम नहीं उठाना है. अगर आप कुछ नहीं करते तो आप ब्रह्मचारी हैं. लेकिन इसके लिए, साधना है, अभ्यास हैं, अनुशासन है, वो सब किसलिए हैं? ये सब आप को बस, वैसे ही रहने में मदद करने के लिए हैं. इसका कारण यह है कि आप ने इस पृथ्वी से बहुत कुछ लिया है, तो पृथ्वी के बहुत से गुण आप में आ जाते हैं और आप पर अधिकार जमाते हैं. एक मूल गुण यह है कि जब आप पृथ्वी को शरीर के रूप में उठा लेते हैं, तो उसमें एक जड़ता आती है जड़ता! सुबह उठने पर भी जड़ता का अनुभव होता है. अगर आप दिव्यता के पथ पर बढ़ना चाहते हैं, तो यह जरूरी है कि आप पृथ्वी के गुणों के आगे न झुकें. एक बात जड़ता है, तो दूसरा है मजबूरी वश चलना. अगर आप पृथ्वी को शरीर के रूप में उठा लेते हैं, तो आप पृथ्वी जैसे हो जाते हैं. यह आप को गोलाकार चक्करों में ले जाती है. चक्रीय गति हर उस चीज का मूल आधार है, जिसे ब्रह्मांड में भौतिक कहते हैं. आप अगर एक गोल चक्र में घूमते हैं, चाहे वह कितना भी बड़ा हो, आप हमेशा वापस आते हैं. हमें नहीं पता कि ये दुनिया आप का यहां होना पसंद करती है या नहीं, लेकिन आप किसी भी तरह से वापस आ ही जायेंगे, क्योंकि आप एक गोल चक्र में हैं. जो यह महसूस करते हैं कि यहां उनकी कोई जरूरत नहीं है, उनके लिए यह दिव्य पथ है, ग्रहों के जैसा गोल घूमनेवाला प्रक्षेप पथ (ट्रेजेक्ट्री) नहीं. तो कोई भी इंसान ब्रह्मचर्य को एक प्राकृतिक प्रक्रिया की तरह नहीं, बल्कि एक मार्ग और एक अनुशासन की तरह अपनाता है, जिससे वह जीवन की चक्रीय गति (जन्म-मरण के चक्कर) में न पड़े. वह जीवन की चक्रीय गति के आगे झुकना नहीं चाहता.

सद्गुरु जग्गी वासुदेव

आपके पत्र

विश्व एकजुटता की जरूरत

शुक्रवार को न्यूजीलैंड के सबसे खूबसूरत शहरों में से एक क्राइस्टचर्च में हुए नरसंहार की घटना ने एक बार फिर दुनिया को झकझोर कर रख दिया है. इसमें आठ भारतीयों समेत लगभग 50 लोगों की मौत हो गयी. अभी पुलवामा हमले से भारत पूरी तरह उबरा भी नहीं था कि न्यूजीलैंड में एक और आतंकवादी घटना को अंजाम दिया गया. बताया जाता है कि हमलावर नस्लीय मानसिकता से ग्रसित था और खुद के नस्ल को श्रेष्ठ बता रहा था. अतः इसे आतंकवादी विचारधारा कहने में कोई दो मत नहीं है. दुनिया का कोई ऐसा देश नहीं होगा, जो आतंकवाद की समस्या न झेल रहा हो. आज विश्व के सभी राष्ट्रों को एक साथ मिल कर इस समस्या को जड़ से उखाड़ फेंकने के विषय पर गंभीरता से विचार करना होगा. अगर समय रहते इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया, तो भविष्य में इस चुनौती से पार पाना बहुत मुश्किल हो जायेगा.

शुभम गुप्ता, धनबाद

सूखते जल स्रोत

अभी तो गर्मी आयी भी नहीं है और यह देख कर हैरान हूं कि जल के स्रोत सूखने लगे हैं. एक ओर जहां भू-जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, वहीं दूसरी ओर बढ़ती हुई जनसंख्या, कल कारखाने, कूड़े-कचरे, गंदी नालियां और कल कारखानों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ जल स्रोत के निरंतर सूखते जाने के मुख्य कारण हैं. बढ़ते शहरीकरण के कारण पेड़-पौधों और जंगलों की निरंतर कटाई के चलते वर्षा कम हो रही है, जिससे भू-जल स्तर में गिरावट जारी है. जंगलों और पेड़-पौधों तथा हरियाली की रक्षा और अभिवृद्धि किये बगैर जल की गंभीर समस्या से निजात पाने की कल्पना व्यर्थ है. यदि हम अपने और अपने बच्चों के भविष्य की रक्षा करने की सोचते हैं, तो जल की महत्ता को समझने की जरूरत है और इसके लिए सभी आवश्यक उपाय भी करने होंगे. तभी जीवन बचेगा और हम सब बचेंगे.

युगल किशोर, ईमेल से

रेल यात्रियों की समस्याएं

भारतीय रेल विश्व की तीसरी बड़ी रेल सेवा है. भारतीय ट्रेनों की अनावश्यक लेटलतीफी, रेल हादसों की भरमार, टीटी आदि की सरेआम रिश्वतखोरी आदि से तो प्रायः रेलयात्री ग्रस्त रहते ही हैं, रेलवे की गैरजिम्मेदाराना कार्यशैली से भी रेलयात्रियों को भयंकर परेशानियों और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. उत्तर प्रदेश, बिहार और मध्य प्रदेश में प्लेटफार्मों पर कोच को निर्धारित करने वाले सिग्नल दर्शाये ही नहीं जाते. कोच को निर्धारित स्थान पर खड़ा न करके बहुत आगे या पीछे खड़ा कर दिया जाता है. इसके अतिरिक्त रेलवे कोचों के लगभग सारे विद्युत सॉकेट, जिनमें मोबाइल चार्ज करने की सुविधा भी है, वह खराब रहते हैं. डिब्बों की खिड़कियों के शीशे के दरवाजे बंद करने के बावजूद नीचे एयरटाइट नहीं होते, जिससे ठंड और बरसात में यात्रियों को काफी दिक्कत होती है. क्या भारतीय रेलवे के अधिकारी इन समस्याओं के समाधान की तरफ ध्यान देंगे?

निर्मल कुमार शर्मा, गाजियाबाद

पोस्ट करें : प्रभात खबर, 15 पी, इंडस्ट्रियल एरिया, कोकर, रांची 834001, **फैक्स करें** : 0651-2544006,
मेल करें : eletter@prabhatkhabar.in पर ई-मेल संक्षिप्त व हिंदी में हो. लिपि रोमन भी हो सकती है

कुछ अलग

चुनाव परिणाम तक नागरिक-संहिता

आलोक पुराणिक
वरिष्ठ व्यंग्यकार
puranika@gmail.com

लोकसभा चुनावों की घोषणा हो गयी है, 23 मई 2019 को परिणाम भी आ जायेंगे. चुनाव आयोग ने नेताओं के लिए आचार संहिता लगा दी है, पर नागरिक-वोटर लोकतंत्र में सबसे ताकतवर होते हैं और इसलिए उनमें से कुछ खुद को हर तरह के नियम-कायदों से मुक्त भी मानते हैं. देश के आम वोटर के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के संरक्षण के लिए निम्नलिखित नागरिक-संहिता जारी की जा रही है. नागरिकों की जान की कीमत तो अलबत्ता दो कौड़ी की भी नहीं मानी जाती कई नेताओं द्वारा. अलबत्ता नागरिक के माल की कीमत तो कुछेक सौ या हजार की होती है, जैसे उसके पास हजार का मोबाइल हो सकता है या कुछेक हजार का टीवी भी हो सकता है, किसी संभावित मार-धाड़ में इनको टूट-फूट से बचाने के लिए चार नागरिक संहिता का पालन आवश्यक है-

एकः पड़ोसी, बस-रेल में सफर कर रहे सहयात्री से ना झगड़ें कि मोदी जीतेंगे या राहुल गांधी जीतेंगे. और इस सवाल पर मार-धाड़ तो कतई ना करें, याद रखें कि अगर आपको हार्ट अटैक आया, तो आपका पड़ोसी ही आपको अस्पताल पहुंचाने जायेगा, किसी नेता का मौके पर पहुंचना असंभव है.

पति-पत्नी अगर विपरीत राजनीतिक विचारधारा के हैं, तो साफ चेतावनी है कि बिल्कुल भी राजनीतिक विमर्श ना करें. पति-पत्नी को कोई कमी थोड़े ही है उन मसलों की, जिन पर सुचिंतित, सुदीर्घ, प्रखर और कर्कश लड़ाई की जा सके. तो काहे को राजनीति को लाना लड़ाई में, यानी पति-पत्नी को लड़ाई-झगड़े के मामले में आत्मनिर्भर होना चाहिए, किसी नेता के नाम पर लड़ना पति-पत्नी के सशक्त रिश्ते का अपमान है. अपने बूते लड़ना चाहिए, नेता का नाम लेकर क्या लड़ना.

तीनः पार्क में मॉर्निंग वॉक के समय किसी से राजनीतिक विमर्श ना करें. मॉर्निंग वॉक के वक्त आम तौर पर वैसे ही ब्लड प्रेशर ज्यादा होता है. नेताओं का नाम लेकर छिड़े विमर्श में किसी का ब्लड प्रेशर बढ़ा, तो बंदा पार्क में ही टें बोल सकता है. किसी के ऐसे टें बोलने से आलसियों को यह तर्क देने का मौका मिल जाता है कि मॉर्निंग वॉक पर नहीं जाना चाहिए, देखो वहां वे टें बोल गये. मॉर्निंग वॉक को बढ़ावा देने के लिए यह जरूरी है कि कभी मॉर्निंग वॉक के वक्त राजनीतिक विमर्श नहीं करना चाहिए.

चारः न्यूज चैनलों को नहीं देखना चाहिए. इन दिनों न्यूज चैनल या तो पाकिस्तान पर मिसाइल और बमों की वर्षा कर रहे हैं या फिर आपस में नेताओं की भिड़ंत करवा रहे हैं. न्यूज कवरेज देख कर भी ब्लड प्रेशर बढ़ने के पूरे आसार हैं. अगर टीवी के बगैर आपका काम ना चल रहा हो, तो फिर वो वाले टीवी चैनल देखें, जिनमें मगरमच्छों के बढ़ते कोलेस्ट्रॉल- पर तीन घंटे की डॉक्यूमेंट्री दिखायी जाती है. क्या कहा? इन कार्यक्रमों को देख कर क्या होगा? जी, फिर तो यह बता दीजिए कि पाकिस्तान पर बम वर्षा या नेताओं की भिड़ंत देख कर क्या होता है? मगरमच्छ का कोलेस्ट्रॉल देखने का फायदा यह है कि इसे देख कर ब्लड प्रेशर नहीं बढ़ता है.

देश दुनिया से

ब्रेग्जिट प्रक्रिया को खत्म कर देना चाहिए

ब्रिटेन बहुत जल्द ही इस बात की सिफारिश करेगा कि उसे यूरोपियन यूनियन से अभी अलग न किया जाये. अगर वह सिफारिश नहीं करता है, तो इस महीने की 29 तारीख को बिना समझौते के वह यूरोपियन यूनियन से अलग हो जायेगा. जिस तरह से संसद में दो बार ब्रेग्जिट समझौता गिरा है, उसे देखते हुए निश्चित रूप से यह कहा जा सकता है कि इस विघटन में अभी देरी हो सकती है. यह देरी कुछ सप्ताह या महीने की नहीं होनी चाहिए, बल्कि लंबा और अनिश्चितकालीन होनी चाहिए. हालांकि, एक अरसे से यूनाइटेड किंगडम में एक प्रकार का असंतोष देखा जाता रहा है. साल 2016 में ब्रेग्जिट को लेकर हुए जनमत संग्रह में यह बात देखी भी गयी थी. उस समय ब्रेग्जिट का समर्थन करनेवालों की सोच थी कि ब्रेग्जिट से सब कुछ तो ठीक नहीं होगा, लेकिन यूरोपियन यूनियन के प्रति सम्मान नहीं रह गया है. दरअसल, यूरोपियन यूनियन के पास लोकतांत्रिक नेतृत्व का अभाव है, जो वहां के नागरिकों को पसंद नहीं आता है. यहां मुख्य बिंदु यह है कि ब्रेग्जिट की प्रक्रिया पूरी तरह से असफल रही है और निकट भविष्य में कोई हल भी नजर नहीं आ रहा है. इसलिए आगे किसी अन्य प्रक्रिया के तय होने तक इसको खत्म कर देना चाहिए.

it

कार्टून कोना

साभार : कार्टूनमूवमेंटडॉटकॉम